RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty
well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning
● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार मंगलवार
06:34 PM
सहरी बुधवार
05:06AM

वर्ष : 26 | अंक : 88 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 19 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

मायकेवालों ने फूंका ससुरालियों का घर, सास-ससुर की हुई मौत

●नवविवाहिता की मौत के बाद जमकर हंगामा

प्रयागराज (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक सनसनीखेज घटना हुई है। नवविवाहिता की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। मायके पक्ष के लोगों ने मृतका के ससुराल में खूब बवाल काटा। इस दौरान हुई आगजनी में सास-ससुर की मौत हो गई। एक घर से तीन लाशें निकलने पर इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों के घर में कोहराम मचा हुआ।

घटना बीती रात (18 मार्च) की मुट्ठीगंज इलाके की है कि जब नवविवाहिता आंशिका केसरवानी का शव फंदे से लटका मिला। धूमनगंज के झलवा की रहने वाली आंशिका की शादी मुट्ठीगंज के व्यापारी अंशु के साथ हुई थी। अंशिका की मौत की खबर जैसे ही उसके घरवालों को मिली तो काफी संख्या में लोग अंशिका की ससुराल पहुंच गए, जहां ससुराल और मायके वालों के बीच जमकर मारपीट हुई। परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर अंशिका की हत्या करने का आरोप लगाया। आरोप है कि इस बीच अंशिका के घरवालों ने ससुराल पक्ष के लोगों को उनके घर मे बंद कर आग लगा दी। जिसमें दो लोगों (अंशिका के सास-ससुर) की मौत हो गई।

इस मामले में प्रयागराज के डीसीपी (सिटी) दीपक भूकर ने बताया कि पुलिस को रात 11 बजे कॉल मिली थी कि एक महिला जिसका नाम अंशिका केसरवानी है, उसने आत्महत्या कर ली है। मौके पर मायके और ससुराल पक्ष के लोग मौजूद थे और हंगामा हो रहा है। इसके बाद पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो दोनों पक्षों के लोग आपस मे झगड़ा कर रहे थे।

बताया जा रहा है कि उसी के दौरान मायके पक्ष के द्वारा ससुराल पक्ष के घर में आग लगा दी गई। पुलिस के द्वारा इस घटना में **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

हाई सिक्योरिटी सेल में एल्विश यादव, जमानत पर नहीं हुई सुनवाई

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। यू-टयूबर और बिग बॉस फेम एल्विश यादव को ग्रेटर नोएडा स्थित लुक्सर जेल की हाई सिक्योरिटी बैरिक में शिफ्ट कर दिया गया है। उधर मंगलवार को सूरजपुर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय गौतमबुद्धनगर में वकीलों की हड़ताल के कारण एल्विश यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। अब कल एल्विश की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी।

यूथ आइकॉन के रूप में जाने वाले मशहूर यूट्यूबर और एल्विश यादव को रेव पार्टियों में सांपों के जहर के इस्तेमाल के आरोप में नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एल्विश यादव पर पुलिस ने एनडीपीएस 8, 20, 27, 27ए, 29, 30, 32 धाराएं लगाई हैं। कानून के जानकार कहते कि इन धाराओं से एल्विश को सबसे ज्यादा परेशान हो सकती है। क्योंकि एनडीपीएस एक्ट नॉन बेलेबल है और इसमे कम से कम दस साल की सजा है। लेकिन जो पदार्थ बरामद होता है उसकी कैपेसिटी क्वांटिटी और क्वालिटी पर डिपेंड करता है। मिनिमम क्वांटिटी होने पर न्यायाधीश जमानत दे सकते हैं।

डीसीपी नोएडा जोन विद्यासागर मिश्र ने बताया कि पुलिस ने एल्विश यादव को रविवार को पूछताछ के लिए सर्फाबाद के एक फार्म हाउस में बुलाया था। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर, मेडिकल कराने के बाद एल्विश को सूरजपुर डिस्ट्रिक कोर्ट में पेश किया। जहां सुनवाई के बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। डीसीपी ने बताया कि एल्विश व 6 लोगों के खिलाफ कोतवाली 49 में पीपल फॉर एनिमल संस्थान ने सांपों के जहर का इस्तेमाल रेव पार्टी में करने के लिए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में चार सपेरे समेत पांच लोग गिरफ्तार किया जा चुके हैं और अब एल्विश की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि एल्विश से पूछताछ के दौरान मिले तथ्यों के आधार पर पुलिस ने एल्विश को गिरफ्तार किया गया है। सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में एल्विश के खिलाफ एनडीपीएस की धाराएं 820 27 27 ए 29 30 32 बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस वीडियो फुटेज का अवलोकन कर रही है और प्रत्येक की भूमिका की जांच की जा रही है। जिसके नाम सामने आएंगे उनसे पूछताछ की जाएगी।

एनडीए में रार, नाराज पशुपति पारस का इस्तीफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार में एनडीए की सीट शेयरिंग में खाली हाथ रहने के बाद RLJP चीफ पशुपति पारस ने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। पशुपति पारस ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस्तीफा देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मेरे और मेरी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई। हमें एक भी सीट नहीं दी गई। इस्तीफा देने के पहले तक पशुपति पारस मोदी सरकार में खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री थे।

बता दें कि पशुपति पारस सीट शेयरिंग में चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) को 5 लोकसभा सीटें मिलने से नाराज हैं। उन्हें सबसे बड़ी नाराजगी इस बात की है कि उनकी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई। साथ ही सीट शेयरिंग की घोषणा से पहले उनसे बात तक नहीं की गई। दरअसल, बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में सीटों के बंटवारे का ऐलान हो चुका है. बंटवारे के तहत, बीजेपी एक बार फिर बड़े भाई की भूमिका में आ गई है। बीजेपी बिहार में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं जेडीयू के खाते में 16 सीटें आई हैं। अन्य सहयोगी दलों की बात करें तो चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 5, जीतनराम मांझी की पार्टी HAM को 1 तथा उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक जनता दल को एक सीट मिली है। लेकिन इसमें पशुपति पारस की RLJP को एक भी सीट नहीं दी गई है।

मुंबई गया एक्टर बनने हताश होकर लगा ली फांसी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जीवन में सफलता के सपने पूरे ना होने पर हताशा में आज के युवा घातक कदम उठा रहे हैं। ऐसे ही दो मामले ग्रेटर नोएडा में सामने आए हैं। ग्रेटर नोएडा में बीबीए करने के बाद एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई गए एक छात्रा ने हताश होकर फांसी लगा ली। वहीं एक छात्रा ने पढ़ाई में कमजोर होने के कारण फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। युवक युवती ने सुसाइड नोट में अपने अभिभावकों से माफी मांगते हुए आत्महत्या के लिए किसी को भी दोषी नहीं ठहराया है।

मूलरूप से ग्राम जमशेदपुर पिनाहट आगरा निवासी उमेश सिंह का (20 वर्षीय) पुत्र विकास गुर्जर शाहबेरी गांव में अपने दोस्तों के साथ रह रहा था। वह कॉलेज से बीबीए कर रहा था। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

पढ़ाई नहीं कर पा रही, माँ-बाप का पैसा बर्बाद नहीं करूंगी

थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के नॉलेज पार्क के एक कॉलेज से बी-टेक कर रही काम्या पुत्री भूप सिंह ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर नॉलेज पार्क पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मौके से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में काम्या ने लिखा है कि वह अपनी पढ़ाई ठीक से नहीं कर पा रही है। इस कारण वह आगे परिजनों के पैसों को पढ़ाई में बर्बाद नहीं करना चाहती। इसी कारण वह आत्महत्या कर रही है।

दो दिन से घर में मृत पड़ी थी महिला, युवक की संदिग्ध मौत

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के शहदरा गांव में किराए पर रहने वाली एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली। महिला के पति के आगरा से आने पर उसकी मौत की जानकारी हो पाई। आगरा निवासी इमरान की पत्नी रूबीना शहदरा गांव में अकेली किराए पर रह रही थी। वह आसपास की सोसाइटी में घरेलू सहायिका का काम करती थी। सोमवार रात को इमरान शहदरा स्थित कमरे पर पहुंचा। कमरे में उसे रुबीना बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

मुंबई की राजनीति में हलचल

आज एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। जिसके बाद मुंबई की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है।

चार बदमाशों पर लगाया गैंगस्टर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रघुपुर पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए आरोपी संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते थे।

थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि गैंग लीडर प्रवीण, शाहरुख, रहीम, डिंपल उर्फ हेमंत शर्मा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किए गए प्रवीण व उसके साथियों ने एक संगठित आपराधिक गिरोह बना रखा है। इस गिरोह ने वर्ष-2022 में थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादगढ़ी चामुंडा रोड पर दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था तथा एक व्यक्ति से लूटपाट की घटना की थी। 15 जुलाई 2022 को ग्राम कैंची की पुलिया पर आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर जानलेवा हमला किया था। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

घर से लाखों के जेवरात लेकर गायब हुई लड़की

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण किए जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने अपनी बेटी की सहेली व एक युवक को नामजद किया है।

मूलरूप से झांसी निवासी विवेक (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह मित्र सोसाइटी में अपने परिवार के साथ रह रहा है। बीते 15 मार्च को वह तथा उसकी पत्नी ड्यूटी पर चले गए थे। देर शाम को जब वापस लौटे तो उन्हें घर पर अपनी बेटी नहीं मिली। उन्होंने उसकी तलाश की तो पता चला कि अमीन नाम का लड़का उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि उनकी बेटी की महिला मित्र ममता के द्वारा अमीन की उनकी बेटी से दोस्ती हुई थी। ममता पिछले कुछ दिनों से एग्जाम की तैयारी के लिए उनके घर पर आया करती थी।

विवेक के मुताबिक उनकी बेटी घर से सोने-चांदी के जेवरात तथा 10000 रूपये की नगदी भी ले गई है। पीड़ित के मुताबिक योजना के तहत उसकी बेटी का अपहरण किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

जहर खाकर दी जान

नोएडा (चेतना मंच)। थाना फेस 2 क्षेत्र के हौजरी कंपलेक्स स्थित कंपनी में काम करने वाले युवक ने जहर खाकर जान दे दी। युवक को उसके साथियों ने ही उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसने दम तोड़ दिया था। मूल रूप से बुलंदशहर के जहांगीराबाद निवासी राहुल पुत्र सुरेश शर्मा भंगेल स्थित कुंडा कॉलोनी में किराए पर रहता था वह हौजरी परिसर स्थित सी ब्लॉक की कंपनी में काम करता था। सोमवार को राहुल अपनी कंपनी पहुंच कंपनी पहुंचने पर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर राहुल के साथियों ने उसे नजदीक के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के दौरान राहुल ने दम तोड़ दिया। **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा
फ़ोन .08750611103

NOIDA
FLOWER SHOW
VASANT UTSAV

अफवाहों पर ध्यान न दें सपाई : राकेश यादव

नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राकेश यादव ने कहा है कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर को पूरी मजबूती के साथ चुनाव लडवाया जाएगा। कुछ लोग गौतमबुद्धनगर लोकसभा में प्रत्याशी बदले जाने की अफवाह फैला रहे हैं जो पूरी तरह से निराधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय प्रत्याशी को जिताने के लिए बूथ व पार्टी के लिए कार्य करें।

सपा के प्रदेश सचिव श्री यादव ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से डॉ महेंद्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उनके पक्ष में चुनावी रणनीति बना रहे हैं। पार्टी मुखिया द्वारा गौतमबुद्धनगर **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

महिला अधिवक्ता के घर लाखों की चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 क्षेत्र के आईएफएस सोसायटी में रहने वाली महिला अधिवक्ता के घर से चोरों ने 10 लाख रुपए के जेवरात व 20 हजार रुपए चोरी कर लिए। घटना के समय परिजन आगरा गए हुए थे। आईएफएससी सोसायटी के विला में रहने वाली महिला अधिवक्ता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पति जितेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान में आगरा में कार्यरत हैं। अपने बेटे की परीक्षा होने के कारण वह है 8 मार्च को आगरा गई हुई थी। 18 मार्च की सुबह उनके माली राधेश्याम ने फोन कर उन्हें सूचना दी कि उनका घर का ताला टूटा हुआ और दरवाजे खुले हुए पड़े हैं। सूचना के आधार पर आगरा **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

सुनसान जगह पर करते थे लूटपाट पुलिस की गोली से घायल

नोएडा (चेतना मंच)। सुनसान स्थान पर हथियारों के बल पर लोगों से लूटपाट करने वाले दो लूटने मुठभेड़ के दौरान थाना सेक्टर-20 पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया इनके पास से बाइक तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए दोनों बदमाशों पर दिल्ली में चोरी लूट आदि के कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर-20 प्रभारी धर्म प्रकाश शुक्ला व स्वाट टीम प्रभारी सत्यवीर सिंह चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिसकर्मियों ने रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार रुकने के बजाय भाग निकले। पीछा करने पर सेक्टर-16ए फिल्म सिटी के गंदे नाले पर बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक **(शेष पृष्ठ-3 पर)**

अपाहिज सास को पीटा, दांतों से काटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। कलयुग की बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपाहिज सास व ननद के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पत्नी की हरकतों से परेशान पति ने अपनी पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना जेवर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी 5 वर्ष पूर्व तहसील खैर जनपद अलीगढ़ निवासी माधुरी के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसकी पत्नी का पूर्व में कई लड़कों से गलत संबंध थे।

शादी के बाद भी माधुरी के उसके गांव के ही लड़के अमित के साथ गलत संबंध बन गए। अमित के कहने पर उसकी पत्नी माधुरी उसकी अपाहिज मां तथा दो बहनों के साथ आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करने लगी।

17 मार्च की शाम को अमित व माधुरी ने योजना के तहत घर में घुसकर उसकी मां-बहनों के साथ मारपीट की और दांतों से काटकर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे इसके बाद दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

चुनावी बांड

चुनावी बॉन्ड को सर्वोच्च अदालत 'असंवैधानिक' करार दे चुकी है और उन पर रोक भी लगा दी गई है, लिहाजा यह अध्याय यहीं समाप्त हो जाना चाहिए था। अब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर वे ब्योरे जारी कर रहा है, जो भारतीय स्टेट बैंक ने भेजे हैं और जारी करने का आदेश सर्वोच्च अदालत का है। कांग्रेस समेत विपक्ष के दल इस चुनावी चंदे को 'बहुत बड़ा घोटाला' चित्रित कर रहे हैं, जो हास्यास्पद राजनीति है। यदि बॉन्ड के जरिए फरवरी, 2024 तक करीब 7700 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा को मिला है, तो नवम्बर, 2023 तक 1334.35 करोड़ रुपए का चंदा कांग्रेस के हिस्से भी आया है। गणना कर लें कि फरवरी, 2024 तक कितना पैसा कांग्रेस के खजाने तक पहुंचा होगा! सूची में दूसरा स्थान तृणमूल कांग्रेस का है, जिसे 1397 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। एक क्षेत्रीय दल को इतना चंदाज! सूची में बीआरएस, बीजद, द्रमुक, वाईएसआर कांग्रेस, टीडीपी, राजद, एनसीपी, सपा, अकाली दल, अन्नाद्रमुक आदि क्षेत्रीय दल भी हैं, जिन्हें उनकी हैसियत के मुताबिक करोड़ों में चंदा दिया गया है। क्या कांग्रेस समेत वे सभी दल 'घोटालेबाज' हैं? चुनावी बॉन्ड पर शीर्ष अदालत के फैसले पर कोई सवाल नहीं, अलबत्ता देश का बौद्धिक और जागरूक वर्ग कमोबेश चिंतन कर सकता है कि ऐसा चुनावी चंदा 'घोटाला' कैसे माना जा सकता है? विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है, जहां राजनीतिक दलों को चंदा न दिया जाता हो। जहां आम चुनाव के लिए सरकारें आर्थिक संसाधन मुहैया कराती हैं, वहां भी औद्योगिक घराने और वैचारिक तौर पर जुड़ी आम जनता चुनावी चंदे देती रही है। यह एक सार्वजनिक परंपरा और प्रक्रिया है। औसत करदाता को आयकर या अन्य कर-योग्य संपदा में छूट भी मिलती है, लिहाजा देश की आजादी और संविधान को ग्रहण करने के बाद चंदा देने की परंपरा रही है। इस चंदे के संदर्भ में 'काला धन' का खूब शोर मचाया जा रहा है, लेकिन जो पैसा देश के बुनियादी ढांचे के विकास और जन-कल्याण की परियोजनाओं में निवेश किया जाता रहा है, उस आर्थिक स्रोत को 'काला धन' करार कैसे दिया जा सकता है? दरअसल चुनावी बॉन्ड के तौर पर व्यक्ति, संस्थान, औद्योगिक ईकाई और समूह जितना पैसा निवेश करते हैं, वह अनिवार्य रूप से उनके खातों में दिखाया जाता है। जिन राजनीतिक दलों को बॉन्ड के जरिए चंदा मिला है, उसे दलों ने भी अपने अधिकृत खातों में दिखाया होगा। चुनाव आयोग एक निश्चित अंतराल पर इन खातों की जांच करता रहा है। तो फिर बॉन्ड में खर्च किया गया धन 'काला धन' कैसे कहा जा सकता है? दरअसल 'काला धन' वह है, जिसे आरोपित व्यक्ति या कॉरपोरेट घराने अथवा राजनेता विदेशी बैंकों में खाते खुलवा कर जमा कर देते हैं और कर-जांच एजेंसियों को उनके खुलासे भी नहीं किए जाते। ऐसे कई 'काले रहस्योद्घाटन' हो चुके हैं। अभी तक चुनाव आयोग के जरिए जितने चुनावी बॉन्ड सार्वजनिक किए गए हैं, उनमें रिलायंस, अंबानी, टाटा, बिरला सरीखे बड़े औद्योगिक समूहों के नाम नहीं हैं। क्या वे राजनीतिक दलों को चंदा नहीं देते? सबसे अधिक 1368 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीदने वाले 'लॉटरी किंग' मार्टिन की कंपनी 'फ्यूचर गेमिंग' पर प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, आयकर आदि सरकारी एजेंसियों के कई बार छापे मारे जा चुके हैं, जेल भी जाना पड़ा है, फिर भी उसने सर्वाधिक चंदा दिया है। चूंकि कंपनी का मुख्यालय अब तमिलनाडु में है, लिहाजा वहां की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपए का चंदा दिया गया है। ऐसी कई कंपनियां चुनावी चंदे की सूची में हैं, जिनका मुनाफा कम है, लेकिन वे कई गुना ज्यादा चंदा दे रही हैं। ऐसी भी खबरें आई हैं कि किसी ने बंद लिफाफे में 1-1 करोड़ के 10 बॉन्ड जद-यू के दफ्तर में भेज दिए। भाजपा को 8 बार एक ही दिन में 100-100 करोड़ मिले। एक दिन में 200 करोड़ भी मिले। भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल सहित कई दलों ने चंदा देने वालों के नाम के खुलासे नहीं किए हैं। बताया जाता है कि बसपा, इंनेलो, एमआईएम, एनपीपी समेत कई छोटे दलों को बॉन्ड से चंदा नहीं मिला है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे तात! शिवजी और ब्रह्माजी भी श्री रामजी को भजते हैं (फिर) नीच मनुष्य की तो बात ही कितनी है? ब्रह्माजी और शिवजी जिनके चरणों के प्रेमी हैं, अरे अभागे! उनसे द्रोह करके तू सुख चाहता है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

हर कहुँ हरि सेवक गुर कहेऊ। सुनि खगनाथ हृदय मम दहेऊ॥
अधम जाति मैं बिद्या पाएँ। भयउँ जथा अहि दूध पिआएँ॥

गुरुजी ने शिवजी को हरि का सेवक कहा। यह सुनकर हे पक्षीराज! मेरा हृदय जल उठा। नीच जाति का मैं विद्या पाकर ऐसा हो गया जैसे दूध पिलाने से साँप॥

मानी कुटिल कुभाग्य कुजाती। गुर कर द्रोह करउँ दिनु राती॥
अति दयाल गुर स्वल्प न क्रोधा। पुनि पुनि मोहि सिखाव सुबोधा॥

अभिमानी, कुटिल, दुर्भाग्य और कुजाति मैं दिन-रात गुरुजी से द्रोह करता। गुरुजी अत्यंत दयालु थे, उनको थोड़ा सा भी क्रोध नहीं आता। (मेरे द्रोह करने पर भी) वे बार-बार मुझे उत्तम ज्ञान की ही शिक्षा देते थे॥

जेहि ते नीच बड़ाई पावा। सो प्रथमहिं हति ताहि नसावा॥
धूम अनल संभव सुनु भाई। तेहि बुझाव घन पदवी पाई॥

नीच मनुष्य जिससे बड़ाई पाता है, वह सबसे पहले उसी को मारकर उसी का नाश करता है। हे भाई! सुनिए, आग से उत्पन्न हुआ धुआँ मेघ की पदवी पाकर उसी अग्नि को बुझा देता है॥

रज मग परी निरादर रहई। सब कर पद प्रहार नित सहई॥
मरुत उड़ाव प्रथम तेहि भरई। पुनि नृप नयन किरीटन्हि परई॥

धूल रास्ते में निरादर से पड़ी रहती है और सदा सब (राह चलने वालों) की लातों की मार सहती है। पर जब पवन उसे उड़ाता (ऊँचा उठाता) है, तो सबसे पहले वह उसी (पवन) को भर देती है और फिर राजाओं के नेत्रों और किरीटों (मुकुटों) पर पड़ती है॥

सुनु खगपति अस समुझि प्रसंगा। बुध नहिं करहिं अधम कर संगा॥
कबि कोबिद गावहिं असि नीति। खल सन कलह न भल नहिं प्रीति॥

हे पक्षीराज गरुड़जी! सुनिए, ऐसी बात समझकर बुद्धिमान, लोग अधम (नीच) का संग नहीं करते। कवि और पंडित ऐसी नीति कहते हैं कि दुष्ट से न कलह ही अच्छा है, न प्रेम ही॥

क्रमशः

सीएए पर भ्रम फैलाने में क्यों जुटा हुआ है विपक्ष?

भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं हैं ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति की जा रही है? क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास करें। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है। इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला।

नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक हैं। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता। इसके विपरीत भारत में तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेता इसका गलत अर्थ निकालकर भारतीय मुसलमानों को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे हैं। जबकि इस बात को यह भी भली भांति जानते हैं कि इस कानून से भारत के मुसलमानों को कोई नुकसान होने वाला ही नहीं है। यहां एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि दुनिया में मुसलमानों को शरण देने वाले कई देश हैं, जबकि प्रताड़ित समाज को शरण देने के कोई भी मुस्लिम देश तैयार नहीं। इसलिए भारत सरकार का यह निर्णय प्रथम दृष्टया उचित ही है।

INJUSTICE
BECOMES LAW
RESISTANCE
BECOMES DUTY
#KARNATAKA AGAINST HATE!
STOP ATTACKS ON MUSLIMS
DIGNITY, HOME & JOBS!
ML-AICCTU-AISA-RYA-AIPWA
THEY TOLD US TO
GO TO LAHORE
BUT WE
STAYED HERE
KAAGAZ
NAHI
DIKHAYENGE

वर्तमान में शरणार्थी और घुसपैठियों का अंतर समझने की बहुत आवश्यकता है। शरण वही मांगता है जो मजबूर हो गया हो और घुसपैठ करने वाला व्यक्ति एक उद्देश्य को लेकर चलता है। आज देश के लगभग आठ राज्य ऐसे हैं जहां घुसपैठ करने वाले नागरिक भारत में रह रहे हैं। इतना ही नहीं इनको भारत में राजनीतिक संरक्षण भी आसानी से मिल जाता है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी खुलकर घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी होती दिखाई देती हैं। यह केवल वोट की खातिर ही किया जा रहा है और यही तुष्टीकरण की पराकाष्ठा है। लेकिन सवाल यह आता है कि जब ये घुसपैठ करने वाले व्यक्ति अपने देश के प्रति वफादार नहीं हुए तो भारत के वफादार कैसे हो सकते हैं? इसलिए शरणार्थियों के लिए तो जगह हो सकती है, लेकिन घुसपैठियों को पनाह देना बहुत बड़े खतरे को आमंत्रण देने के समान ही कहा जाएगा।

वास्तविकता यह है ऐसे मामलों में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध होना चाहिए, यह लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, लेकिन यह विरोध देश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। आज यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो रहा है कि विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता प्राप्त करने के लिए देश की जनता के सामने भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास करने लगे हैं। मोदी का विरोध करते करते जाने अनजाने में देश का विरोध करने लगते हैं। एक समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम ने यह स्पष्ट तौर पर अभिव्यक्त किया कि कांग्रेस के नेता हिंदुओं से नफरत करते हैं, सनातन का विरोध करते हैं। कांग्रेस को आचार्य प्रमोद कृष्णम की बात पर मंथन करना चाहिए था, लेकिन मंथन करना तो दूर उनको पार्टी से बाहर कर दिया। इसी प्रकार विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी गाहे बगाहे सनातन के विरोध में अप्रिय बयान देते रहे हैं। यह भी एक प्रकार से तुष्टिकरण की राजनीति ही कही जाएगी। ऐसी राजनीति भारत को भारत से अलग करने वाली है। यहां यह भी समझना बहुत जरूरी है कि सनातन धर्म के बारे में गलत और विवादित बयान देने वालों के विरोध में कांग्रेस सहित अन्य दलों ने कोई बयान नहीं दिया। यह एक प्रकार से उनको समर्थन देना ही कहा जाएगा।

भारत की राजनीति के लिए यह कोई नई बात नहीं है कि सरकार के निर्णय का बिना किसी नीति या सिद्धांत के विरोध किया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। हम जानते हैं कि राफेल मामले में भी ऐसा ही विरोध हुआ और इस मामले में अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को भी लिया जा सकता है, लेकिन विपक्ष के राजनीतिज्ञ संभवत: यह भूल जाते हैं कि भारत की जनता चाहती क्या है? हम यह भी जानते हैं कि भारत की जनता राम से सीधा जुड़ाव रखती है। इसलिए यह कहा जा सकता है विपक्ष जनता के मनोभाव को समझने में अभी तक असफल ही रहा है। इसी प्रकार सीएए का मामला भी है। विपक्ष का यह कहना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं कहा जा सकता कि यह मुसलमानों के विरोध में है। इसके प्रावधान के तहत ऐसा कहीं भी नहीं लिखा है कि किसी को नागरिकता नहीं दी जाएगी या किसी की नागरिकता छीनी जाएगी। जो बातें की जा रही हैं, वे केवल राजनीति के अलावा और कुछ नहीं। हां, इस कानून के तहत विदेशी मुसलमानों को नागरिकता नहीं दिए जाने की परिकल्पना निहित है, परंतु इसमें भारतीय मुसलमान का कहीं कोई परिलक्षण नहीं है। इसलिए विपक्ष केवल भ्रमित करने की ही राजनीति कर रहा है। ऐसी राजनीति से बचना चाहिए।

- सुरेश हिंदुस्तानी

स्कूल के सालाना समारोह कितने हितकारी

वार्षिक समारोह किसी भी विद्यार्थी जीवन के लिए महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस पर्व में पूरे वर्ष भर का लेखा-जोखा उसकी उपलब्धियों को सम्मानित करने का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। विद्यार्थी भी इस प्रकार के सह संज्ञानात्मक गतिविधियों में वार्षिक समारोह को मनाने से पूर्व बड़ी उत्सुकता के साथ तैयारी में जुट जाते हैं। अध्यापकों द्वारा सिखाए गए तमाम उन गतिविधियों का निचोड़ हम इस दिन देखते हैं। ऐसे समारोह को स्कूलों में आयोजित करने से इसकी महता इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से न केवल साहित्य और संस्कृति की पहचान होती है, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं उजागर होती हैं, साथ ही बच्चे विशेष की पहचान करने का एक सुनहरा अवसर भी मिलता है। कार्यक्रमों को कैसे विधिवत तरीके से आयोजित किया जाता है, इसकी बखूबी जानकारी से बच्चे रूबरू होते हैं। आजकल ऐसे समारोहों को मनाने की परंपरा काफी जोरों पर है। अध्यापक भी उनकी तैयारी में बढ़-चढक़र भाग लेते हैं। पढ़ाई से ज्यादा महत्वपूर्ण बच्चों के संस्कार होते हैं जिन्हें बच्चा अध्यापक से अधिक सीखता है। जिस बच्चे में संस्कारिक गुण विकसित होते हैं, वह सदैव सफल इनसान बनता है।

एक अध्यापक को बच्चों अथवा विद्यार्थी से यही उम्मीद रहती है कि उसे मिलने पर मान-सम्मान दे और उनके द्वारा पढ़ाया गया बच्चा देश का एक अच्छा नागरिक बने। जिस भी पद पर कार्य करे, ईमानदारी से और एक सफल इनसान बने। विद्यार्थियों में ऐसे गुण देख कर अध्यापक का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। आजकल अधिकतर विद्यार्थी शैक्षिक मूल्य से भटककर ऐसे गलत रास्ते की ओर जा रहे हैं जिससे उनका जीवन अंधकारमय होता दिखाई देता है। कई प्रकार के नशों में संलिप्त होकर गलत आदतों का शिकार हो रहे हैं। वे अपने मां-बाप की कमाई की परवाह न करते हुए समाज और अध्यापक की नजरों में चरित्रहीन होते दिखाई देते हैं जिससे एक अध्यापक और अभिभावकों को काफी आघात पहुंचता है। अध्यापक स्कूली कक्षा कक्ष में सबको बराबर शिक्षा देता है, परंतु कुछ शिक्षा व समय का उचित फायदा उठाकर अपने भविष्य को संवार लेते हैं और समाज की मर्यादा का पालन करते हैं, परंतु कुछ ऐसे शिक्षा विहीन रह जाते हैं जो समय और अध्यापकों की शिक्षाओं की परवाह न करते हुए गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं और ऐसे साथी ढूंढ लेते हैं जिनका मकसद गुंडागर्दी, चौरी, डकैती और दहशत फैलाना ही मात्र रह जाता है।

इसलिए ऐसे वार्षिक समारोहों को मनाने का मकसद बच्चों को सही दिशा में ले जाने के लिए नुक्कड़ नाटकों और भाषणों के द्वारा बच्चों और अभिभावकों को शैक्षिक मूल्यों और नैतिक मूल्यों से अभिप्रेरित करवाना होता है। विद्यार्थी जीवन में अधिकतर छात्रों को समय के महत्व की जानकारी नहीं होती है। जैसे कहावत भी है, बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। जिस भी विद्यार्थी ने मां-बाप और गुरुओं का सम्मान करना सीख लिया और जो भी पढ़ाया अथवा सिखाया जाता है, उसको समझ के साथ अपने व्यावहारिक जीवन में उतार लिया। अच्छी और बुरी आदतों की पहचान करना सीख लिया, तो सफलता अपने आप ही उसके कदम चूमने लगती है। प्राचीन काल में शिक्षा गुरुकुलों में दी जाती थी। शिष्यों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कठिन से कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता था। शिष्यों और गुरुओं के बीच संबंध बहुत मूल्यवान थे, परंतु आज शिक्षा ग्रहण करने का स्वरूप बदलता हुआ दिखाई देता है।

अधिकतर बच्चे स्कूलों में अपने मनोरंजनात्मक कार्यों के लिए पाठशाला में समय बिताने आते हैं। अध्यापकों के कठोर वचनों का विरोध करते हैं और किसी भी हद तक जाने से भी गुरेज नहीं करते। आज ऐसे लगता है जैसे अर्जुन और गुरु द्रोणाचार्य जैसा रिश्ता कागजों में ही सिमट कर रह गया है। विद्यार्थियों में असंतोष और रास्ते से भटकने का एक कारण यह भी मुझे लगता है कि आज विज्ञान ने काफी तरक्की कर ली है, परंतु इस तरक्की का नाजायज प्रयोग आज का युवा वर्ग कर रहा है, जैसे मोबाइल की वजह से विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति आई है, बहुत से लोग इस मोबाइल का गलत इस्तेमाल कर अपना समय और जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं और कुछ तो कर भी बैठे हैं।

मोबाइल के साथ इस प्रकार चिपके हुए हैं जैसे मखीर के साथ मक्खी। मोबाइल का सही प्रयोग वरदान है, परंतु इसके गलत इस्तेमाल से जिंदगी अभिशाप बन गई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अध्यापक ऐसे समारोहों के दौरान बच्चों और अभिभावकों के बीच संवाद करके तमाम मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर ध्यान अवलोकित किया जाए। दिशाहीन बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां तैयार करके मार्गदर्शन किया जाए। इस पुनीत कार्य के लिए अध्यापक और अभिभावकों तथा समाज के अनुभवी लोगों के साथ सामंजस्य और सहयोग से गतिविधियां संचालित की जाएं। वार्षिक समारोह को प्राइमरी स्तर से ही विभाग और सरकार द्वारा उचित धनराशि का प्रावधान करके व्यवस्था की जाए तो इसके सार्थक परिणाम सामने आ सकते हैं। छात्रों में मोबाइल के दुरुपयोग की आदत को छुड़ाने की भी जरूरत है। उन्हें डिजीटल डिटॉक्स की अवधारणा से परिचित करवाया जाना चाहिए। प्राइमरी स्तर की शिक्षा से ही बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा की पढ़ाई शुरू की जानी चाहिए।

-तिलक सिंह सूर्यवंशी
स्वतंत्र लेखक

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : दशमी

राशिफल

(विक्रम संवत् 2080)



मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
व्यावसायिक लाभ, पिता का साथ, स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम और संतान की स्थिति अच्छी।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
भाग्य साथ देगा, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान थोड़ा मध्यम है।



मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं, चोट-चपेट लग सकती है, किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
आनंदित रहेगा। जीवन, स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम-संतान की स्थिति लगभग ठीक है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा, प्रेम-संतान अच्छा है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
भावुक होकर मत निर्णय लीजियेगा, महत्त्वपूर्ण निर्णय अभी रोक कर रखें।



तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
भूमि,भवन,वाहन की खरीदारी संभव है, लेकिन गृह कलह भी संभव है। स्वास्थ्य ठीक है।



वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
व्यापारिक स्थिति सुदृण होगी। जो भी आपने सोच समझ कर के डिजाईन कर रखा है उसको लागू करें।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
भाग्या साथ दे रहा है, स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार अच्छा पर धन हानि के संकेत हैं।



मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे, स्वास्थ्य में सुधार होगा, प्रेम-संतान बहुत बढ़िया, व्यापार भी बहुत अच्छा।



कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
मन चिंतित रहेगा, खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी, स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापिस मिलेगा। कुछ नए स्रोत से भी रुपये-पैसेआयेंगे।

पी4 सेक्टर से सम्पन्न हुआ आरडब्ल्यूए का चुनाव

भगवत शर्मा पैनल की हुई ऐतिहासिक जीत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर पी4 में आरडब्ल्यूए का चुनाव भारी गहमागहमी एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो गया। चुनाव में भगवत शर्मा पैनल ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सेक्टर में दो पैनल आमने-सामने थे जिसमें भगवत शर्मा का पैनल विजय श्री हासिल किया है। विजय हासिल करने वालों में भगवत शर्मा सुधांशु तिवारी शिवकुमार चौधरी प्रवेश गौड़ संजीव चौधरी श्री कांत पांडे गिरिराज सिंह अंकुश ब्रम्हाण सहित कई अन्य लोग मौजूद मुख्य थे। चुनाव परिणाम आते ही जीते हुए प्रत्याशियों को फूल माला पहन कर सेक्टर वासियों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भगवत शर्मा ने कहा कि जो वादा सेक्टर वासियों से मेरे पैनल द्वारा किया गया है उसे पूरे ईमानदारी के साथ लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब सेक्टर में कोई भी किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी नहीं चलने दे जाएगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस पर बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

जाट समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर जीटा स्थित उत्सव ग्रैंड में जाट समाज ग्रेटर नोएडा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष आर.बी. सिंह ने सभी आगंतुकों का अभिनंदन किया एवं बताया कि इस बार होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बच्चू सिंह (ए.डी.एम) एवं अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध लोक गायक नरदेव बेनीवाल ने होली के रसिया के माध्यम से समा बांधा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एच.पी.एस परिहार, शेर सिंह अत्री, राजीव चौधरी, उदयवीर सिंह, जगदीश पाल सिंह, जुगेंद्र तालान, कैप्टन लोकेंद्र सिंह एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

जलपुरा गांव में कल अधिसूचित क्षेत्र में तोड़फोड़ करते ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अफसर

शहदरा गांव में भाकियू (बलराज) का धरना आज भी जारी रहा।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात करते भाजपा नेता सत्या संदीप भाटी।

पृष्ठ एक के शेष....

मायकेवालों ने फूंका...

त्वरित कार्यवाही करते हुए 5 लोगों का रेस्क्यू करके बाहर निकाला गया और फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के बाद सुबह 3 बजे जब पूरे मकान को सर्च किया गया तो उसमें दो डेड बॉडी मिली। जिसमें एक बॉडी राजेन्द्र केसरवानी की है जो नवविवाहिता का ससुर है और दूसरी बॉडी शोभा देवी की है जो लड़की की सास है।

फिलहाल इन दोनों शवों को भी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सभी उच्चाधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर फोर्स की तैनाती की गई है। शांति-व्यवस्था कायम है।

अफवाहों पर...

लोकसभा क्षेत्र से घोषित किए गए प्रत्याशी को पूरी ताकत से चुनाव लड़वाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बदले जाने की अफवाह फैला रहे हैं जो पूरी तरह निराधार है। टिकट की दौड़ में लगे कुछ लोग इस तरह की अफवाह फैलाकर कार्यकर्ताओं को दिभ्रमित कर रहे हैं। इस तरह की अफवाह में कोई दम नहीं है। उन्होंने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न देकर बूत व संगठन के लिए कार्य करें। जिससे चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विजय बनाकर देश के सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में भेजा जा सके। प्रदेश सचिव राकेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता चुनाव को लेकर पूरी तरह से सजग है और इस बार यहां से पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जाएगा।

दो दिन से घर में...

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रुबीना की मौत करीब 2 दिन पूर्व हो चुकी थी। उन्होंने आशंका जताई है कि फूड प्वाइजनिंग की वजह से रुबीना की मौत हो सकती है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। थाना प्रभारी के मुताबिक इस संबंध में मृतका के पति ने अभी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के डेल्टा प्रथम सेक्टर में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है। मूल रूप से बुलंदशहर निवासी अनुज अपनी पत्नी के साथ डेल्टा प्रथम के डी ब्लॉक में रह रहा था। शाम के समय अनुज जब काफी देर तक अपने बिस्तर से नहीं उठा तो उसकी पत्नी ने उसे जगाना चाहा लेकिन वह ठंडा पड़ा हुआ था। अनुज की पत्नी ने पड़ोसियों को बुलाया और उनकी मदद से वह उसे अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

मुंबई गया एक्टर...

कुछ समय पूर्व वह एक्टर बनने की चाहत लेकर मुंबई चला गया था। करीब 10 दिन पहले ही वह मुंबई से वापस लौटा था। मुंबई से वापस लौटने के बाद वह मानसिक तनाव से ग्रस्त था। सोमवार के सुबह उसके दोस्त कॉलेज चले गए। दोपहर बाद जब वह कॉलेज से वापस लौटे तो उन्हें विकास गुर्जर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। उन्होंने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में विकास गुर्जर ने अपने इस कदम के लिए अपने मां-पिता से माफी मांगते हुए लिखा है कि वह जो बनना चाहता था नहीं बन पाया। जीवन में वह पूरी तरह निराश हो चुका है। इस कारण आत्महत्या कर रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

वहीं थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर में रहने वाले सिवान बिहार निवासी सिहासन की (17 वर्षीय) पुत्री अनुज कुमारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन घर से बाहर गए हुए थे। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किशोरी पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी।

जहर खाकर...

अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना फेस दो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक के परिजनों को सूचना दी।

चार बदमाशों पर..

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गैंगस्टर में निरूद्ध किए गए आरोपी शातिर बदमाश हैं और संगठित गिरोह बनाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं। गैंगस्टर में निरूद्ध किए गए चारों बदमाशों के खिलाफ थाना रबूपुरा के अलावा अन्य थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं।

सुनसान जगह पर...

बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर गया। जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम रिंकू पुत्र रामचंद्र वर्मा निवासी दरियागंज दिल्ली बताया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया कॉम्बिग के दौरान पुलिस ने फरार हुए रोहित उर्फ काले पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी दरियागंज दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से फर्जी नंबर प्लेट लगी एक बाइक, दो तमंचा, कारतूस बरामद हुए हैं। पकड़े गए दोनों बदमाश चोरी की बाइक पर सवार होकर राहगीरों व महिलाओं से पर्स मोबाइल लूटने की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

महिला अधिवक्ता के...

से तुरंत ग्रेटर नोएडा अपने घर पहुंचे उन्हें घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी से 10 लाख रुपए के जेवरात, 20000 की नगदी चोरी कर ले गए।

महिला अधिवक्ता ने बताया कि उसके पति आगरा में पोस्टेड हैं। इस कारण वह अक्सर घर में अकेली रहती हैं। इस घटना के बाद से उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर भय उत्पन्न हो गया है।

आग लगने से लाखों का सामान जलकर नष्ट

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। कुलेसरा निवासी राहुल के घर शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया बताया जाता है कि कुलेसरा गांव के राहुल अपने परिवार के साथ गांव के में स्थित एक महान में रहते थे और कल अचानक घर में आग लग गई इसके कारण उनके लाखों का रखा सामान जलकर नष्ट हो गया।

भाकियू (बलराज) का होली मिलन समारोह 22 को

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन का होली मिलन समारोह 22 मार्च को कैंप कार्यालय कैमराला में आयोजित किया गया है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने दी है।

उन्होंने बताया कि 22 मार्च को कैमराला स्थित कैंप कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में संगठन एवं अन्य समाज के लोग अपनी हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी 22 मार्च को सुबह 11.00 बजे कैंप कार्यालय कैमराला पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐतिहासिक होली मिलन समारोह में सब शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर दी गई है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं तालिब अली पुत्र श्री खान सिरी पता- G 320, सेक्टर-56 नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरे पुत्र का नाम Tabish Ali है। जिसकी जन्म तिथि- 21 अप्रैल 2017 है। गलती से मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में Talib li दर्ज हो गया है, जो गलत है, मेरे सही नाम Talib Ali है। और भविष्य में मेरा नाम Talib Ali पुत्र खान सिरी के नाम से जाना जाए।

CALIPH EXIM PVT. LTD.
Concept to reality
•ARCHITECTURE•CONSTRUCTION
•INTERIORS
WE DON'T DESIGN
HOME/ OFFICE
WE DESIGN
DREAMS !
Certified by :
ISO 9001
startupindia
MSME
9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक
रामपाल सिंह रघुवंशी
ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9,
सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर
(यू पी.) से छपवाकर,
ए-131 सेक्टर-83,
नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100,
4576372, 2518200
Mo.: 9811735566,
8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

अध्ययन

सोने से तीन घंटे पहले रोशनी कम करने से गर्भकालीन मधुमेह का खतरा कम किया जा सकता है

वैज्ञानिकों ने गर्भकालीन मधुमेह (जेस्टेशनल डायबिटीज) के खतरे को कम करने के लिए गर्भवती महिलाओं को सोने से कुछ घंटे पहले अपने घरों में रोशनी बंद करने या कम करने की सलाह दी है। अमेरिका के नॉर्थवेस्टर्न विश्वविद्यालय में नॉर्थवेस्टर्न मेडिसिन के अध्ययन के अनुसार गर्भवती महिलाओं को सोने से पहले अपनी स्क्रीन (कंप्यूटर मॉनिटर और स्मार्टफोन) को भी बंद कर देना चाहिए। अध्ययन के अनुसार जिन महिलाओं को गर्भकालीन मधुमेह हो गया था, उन्हें सोने से पहले तीन घंटे तक अधिक रोशनी के संपर्क में रखा गया था। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी के सहायक प्रोफेसर डॉ मिनजी किम ने कहा, हमारे अध्ययन से पता चलता है कि सोने से पहले अधिक रोशनी में रहना गर्भावस्था के मधुमेह का एक कारण हो सकता है। साक्ष्यों से पता चलता है कि सोने से पहले रात में रोशनी के संपर्क में आना गैर-गर्भवती वयस्कों में ग्लूकोज के खराब स्तर से जुड़ा हो सकता है। आपके घर में तेज रोशनी और टीवी, कंप्यूटर और स्मार्टफोन जैसे उपकरणों से रोशनी का दुष्प्रभाव हो सकता है। यह अध्ययन अमेरिकन जर्नल ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनकोलॉजी मैटरनल फीटल मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। किम ने कहा, यह खतरनाक स्थिति है। गर्भकालीन मधुमेह से प्रसूति संबंधी जटिलताएं बढ़ती है, और मां को मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि जिन महिलाओं को गर्भकालीन मधुमेह है उनमें गर्भावस्था के दौरान ग्लूकोज की समस्या नहीं होने की तुलना में टाइप 2 मधुमेह विकसित होने की आशंका लगभग 10 गुना अधिक है। किम ने कहा कि सोने से पहले कई घंटों के लिए रोशनी कम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सोने से पहले अधिक रोशनी के संपर्क में आने से हृदय गति बढ़ जाती है और इससे मोटापा, इंसुलिन प्रतिरोध, रक्तचाप में वृद्धि हो सकती है।

खान-पान

खाना दोबारा गर्म करने के नुकसान

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तीनों समय गर्म खाना मिल पाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसलिए लोग कई बार बासी खाने को गर्म करके खा लेते हैं। लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। खासतौर पर अंडा, आलू, चिकन और हरी सब्जियों को दोबारा गर्म करना खतरनाक होता है। क्योंकि इनको दोबारा गर्म करने से इनमें मौजूद पोषक तत्व जहर में बदल जाता है। आइए जानते हैं कि इन चीजों को नेचुरली कैसे गर्म रखा जा सकता है।

आलू में पनपते हैं बैक्टीरिया

आलू का कोई न कोई आइटम लंच में जरूर मौजूद होता है। कई बार आलू को हम दोबारा गर्म करके खाते हैं। लेकिन जानकारों के मुताबिक आलू को दोबारा गर्म किए जाने से इसमें मौजूद विटामिन सी, बी-6 और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। पके हुए या उबले आलू को फिर से गर्म किए जाने पर क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम नाम का बैक्टीरिया पनपने लगता है। जो फूड पॉइजनिंग का कारण बनता है। इसलिए आलू को पकाने के कुछ ही घंटों के अंदर इसका सेवन करना सही माना जाता है।

अंडे को नहीं करना चाहिए दोबारा गर्म

अक्सर हम सभी सुबह के नाश्ते के लिए अंडा या ऑमलेट बनाते हैं। वहीं कई बार इसे लंच के लिए भी रख लेते हैं और फिर बाद में गर्म करके खाते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो यह आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। क्योंकि अंडे को दोबारा गर्म करने से इसमें मौजूद नाइट्रोजन कार्सिनोजेनिक में बदल जाता है। यह कई बार कैंसर का भी कारण बनता है। इसलिए अंडे को पकाने के फौरन बाद ही इसका सेवन कर लेना चाहिए।

ठंडे खाने में पनपते हैं कीटाणु

आलू, बिना पके हुए चावल और कई दूसरी सब्जियों में सूक्ष्मजीव होते हैं। जब इन चीजों को पकाया जाता है तो यह सूक्ष्मजीव खत्म हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही यह फिर से ठंडा होता है तो पहले से ज्यादा तेजी से सूक्ष्मजीव पनपने लगते हैं। क्योंकि पहली बार ही खाना पकाने के दौरान कुछ पोषक तत्व टूट जाते हैं। जिसके बाद खाना ठंडा होने पर यह सूक्ष्मजीव फिर से पनपने लगते हैं। वहीं दोबारा खाना गर्म करने पर भी यह खत्म नहीं होते हैं।

नेचुरली गर्म रखें खाना

आप खाने को नेचुरली भी गर्म रख सकते हैं। इसके लिए आपको बाजार में कई बर्तन मिल जाएंगे। इन बर्तनों की मदद से खाना करीब 8 से 10 घंटे तक गर्म रहता है। वहीं आजकल ऐसे लंच बॉक्सेज भी मिलते हैं।

सिजोफ्रेनिया

विभिन्न जातीय समूहों पर किए गए अध्ययन में सिजोफ्रेनिया के जोखिम वाले नए जीन का पता चला

अनुसंधानकर्ताओं ने दो ऐसे नए जीन का पता लगाया है, जिनका संबंध सिजोफ्रेनिया (एक प्रकार का मानसिक विकार) से है। साथ ही एक तीसरे जीन की पहचान की है, जो सिजोफ्रेनिया और ऑटिज्म दोनों का जोखिम पैदा करता है। अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि उनका अध्ययन नए उपचारों की ओर भी इशारा करता है। अमेरिका के माउंट सिनाई में इकैन स्कूल ऑफ मेडिसिन की अगुवाई में हुए अध्ययन में पाया गया कि इन दुर्लभ हानिकारक जीन द्वारा उत्पन्न होने वाले सिजोफ्रेनिया का जोखिम सभी जातीय समूहों को प्रभावित करता है।

यह निष्कर्ष जर्नल नेचर जेनेटिक्स में प्रकाशित हुए हैं। सिजोफ्रेनिया सबसे गंभीर मानसिक बीमारियों में से एक है, जो प्रत्एक 100 में से एक व्यक्ति को उनके सोचने, महसूस करने और व्यवहार करने के तरीके को प्रभावित करती है। सिजोफ्रेनिया से पीड़ित व्यक्ति वास्तविकता से इतर चीजों को सोचना शुरू कर देता है जो उनके और उनके करीबी लोगों के लिए बड़ी समस्या का सबब बन जाता है। अध्ययन के अनुसार, अनुसंधानकर्ताओं ने सिजोफ्रेनिया वाले लोगों के जीन अनुक्रमों की स्वस्थ लोगों से तुलना करके दो जोखिम वाले जीन - एसआरआरएम2 और एकेएपी11 - का पता लगाया। अध्ययन के मुताबिक, मेटा-विश्लेषण में कुल 35,828 मामलों और 107,877 स्वस्थ लोगों के मौजूदा आंकड़ों को शामिल किया गया। अध्ययन में कहा गया है कि विभिन्न जातीय समूहों में सिजोफ्रेनिया का अध्ययन करने वाला यह अपनी तरह का पहला ज्ञात अध्ययन है। इसमें कहा गया है कि यह अध्ययन हाल के एक अन्य अध्ययन पर आधारित था, जिसमें सिजोफ्रेनिया के जोखिम वाले 10 जीन की पहचान की गई थी, जो मुख्य रूप से श्वेत यूरोपीय निवासियों पर किया गया था। अध्ययन में जिस तीसरे जीन पीसीएलओ का जिक्र किया गया है, उसे पहले सिजोफ्रेनिया के जोखिम से जोड़ा गया था, लेकिन ताजा अध्ययन में पाया गया है कि इस जीन के कारण ऑटिज्म का भी जोखिम बढ़ जाता है।

लांसेट अध्ययन

कोविड-19 का किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर



कोविड-19 वैश्विक महामारी का किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा। हालांकि इस दौरान धूम्रपान और मदिरापान की आदत कम हुई, लेकिन अब यह फिर बढ़ती जा रही है। द लांसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया। अध्ययन में वैश्विक महामारी से पहले और उसके दौरान दो साल तक उत्तरी अमेरिकी और आइसलैंड के 13 से 18 वर्षीय 64,000 से अधिक किशोरों के नमूनों पर गौर किया गया। अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं और उनके सहकर्मियों ने पाया कि 2021 के अध्ययन में कोविड-19 वैश्विक महामारी के वैश्विक प्रसार के एक वर्ष के भीतर 13 से 18 वर्षीय किशोरों में अवसाद के लक्षण बढ़े और उनके मानसिक स्वास्थ्य पर इसका असर दिखा। हालांकि इस दौरान धूम्रपान और मदिरापान की आदत कम हुई। इस अध्ययन के निष्कर्षों पर और गौर करते हुए नए अध्ययन में पता चला कि वैश्विक महामारी के दो साल तक के प्रकोप के दौरान किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव रहा। आइसलैंड में रेकजेविक विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर एवं अध्ययन की वरिष्ठ लेखिक थोर्हिल्दुर हैल्डोरस्डोटिर ने कहा, वैश्विक महामारी के दो साल बाद भी किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के अधिक मामले देखना चिंताजनक है। यह आइसलैंड में सामाजिक पाबंदियों में ढील दिए जाने के बावजूद जारी है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि वैश्विक महामारी के प्रकोप के शुरू होने के कुछ ही समय बाद धूम्रपान और ई-सिगरेट के इस्तेमाल में कमी आई, हालांकि अब यह वापस वैश्विक महामारी से पहले के स्तर पर पहुंच रही है।

आइसलैंड स्थित प्लैनेट यूथ की मुख्य डेटा विश्लेषक एवं अध्ययन की मुख्य लेखिका इंगिबजॉर्ग ईवा थोरिसडॉटिर ने कहा, यह देखना निश्चित रूप से सकारात्मक है कि धूम्रपान और वैपिंग (एक प्रकार की ई सिगरेट)में कमी आई। उन्होंने कहा, हमें आने वाले वर्षों में किशोरों में शराब की लत पर नजर बनाए रखने की आवश्यकता होगी, खासकर जब मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि समाज में घुलने-मिलने के लिए माता-पिता का समर्थन और हर रात औसतन आठ घंटे या उससे अधिक की नींद लेने से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है और धूम्रपान तथा मदिरापान की आदत में कमी आ सकती है।

लाइफस्टाइल

सूखा नारियल काफी फायदेमंद

सूखा नारियल खाना काफी फायदेमंद होता है। इसमें विटामिंस, प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, मैग्नीज और सेलिनियम जैसे भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसके सेवन से स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में सहायक होता है। वहीं सूखे नारियल का सेवन महिलाओं के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से महिलाओं को कई समस्याओं से निजात मिलता है। महिलाओं द्वारा सूखे नारियल के सेवन से खून आदि की समस्या दूर होती है। वहीं प्रेग्नेंसी के दौरान इसका सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है। इसलिए महिलाओं को सूखे नारियल को अपने डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

खून की कमी को दूर करे

महिलाओं में ज्यादातर खून की कमी देखने को मिलती है। जिन महिलाओं में खून की कमी होती है, उनके लिए सूखा नारियल का सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि इसमें आयरन के अलावा भी अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिसकी मदद से महिलाओं में होने वाली खून की समस्या से निजात मिलता है। इसके सेवन से आप आसानी से हीमोग्लोबिन को बढ़ा सकती हैं।

गर्भवती महिलाओं के लिए

सूखा नारियल का सेवन करना गर्भवती महिलाओं के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि इसमें फैटी एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास में काफी मददगार होता है। इसलिए महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान सूखे का नारियल का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे उन्हें फायदा मिलता है।

आर्थराइटिस में लाभकारी

महिलाएं अक्सर अर्थराइटिस की समस्या से जूझती रहती हैं। ऐसे में सूखा नारियल का सेवन करना आर्थराइटिस की समस्या से राहत पाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। इसमें कैल्शियम के अलावा अन्य पोषक तत्व के गुण पाए जाते हैं। जिसकी मदद से हड्डियां मजबूत बनती हैं। साथ ही सूखे नारियल के सेवन से अर्थराइटिस की समस्या से निजात मिलेगा।

यूरिन इंफेक्शन में फायदेमंद

कई महिलाएं यूरिन में होने वाले इंफेक्शन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सूखे नारियल का सेवन करना काफी फायदेमंद माना गया है। यूरिन इन्फेक्शन के सेवन से यूरिन इन्फेक्शन की समस्या से बचा जा सकता है।

अमित नागपाल पैनल की एकतरफा जीत

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-62 सी ब्लॉक रजत विहार के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के चुनाव में 30 से अधिक मतों के अंतर से अमित नागपाल सोसायटी के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष चुने गए हैं।

आरडब्ल्यूए के चुनाव आधिकारी लवेश शिशोदिया ने बताया कि निर्धारित समय साढ़े नौ बजे से मतदान शुरु हुआ , जोकि दोपहर 2 बजे तक चला। इस बीच 311 मतदाताओं में से 249 मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव में अमित नागपाल के पैनल ने एक तरफा जीत हासिल की। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अमित नागपाल, उपाध्यक्ष दीप्ति अग्रवाल, महासचिव गोपाल चंद्र शर्मा, सचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष विश्वास सक्सेना चुने गए। इसके साथ ही कार्यकरनी सदस्य मुकेश चंद्र सेघल व उषा शर्मा चुनी गई। आज निर्वाचन अधिकारी के द्वारा रजत विहार आरडब्ल्यूए का निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किया। शीघ्र ही रजत विहार के विकास के कार्य प्रारंभ होंगे।

Amit Nagpal
Flat No. C-19C
For President
Vishwas Saxena
For Treasurer
Deepti Agrawal
For Vice President
For Secretary
Usha Sharma
For Executive Member
रजत विहार, स्वस्थ रजत विहार,

चोरी के इलेक्ट्रिक कनवर्टर के साथ दो पकड़े

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-10 के कंपनी में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर थाना सेक्टर 24 पुलिस के हत्थे चढ़ गए। उनके पास से कंपनी से चोरी की गई कार, लाखों रुपए मूल्य के इलेक्ट्रिक कनवर्टर बरामद हुए हैं। पुलिस इनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक कार को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें से इलेक्ट्रिक कनवर्टर बराम हुए।

पुलिस ने कार सवार विजय व गोपाल को दबोच लिया। इनके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए विजय व गोपाल ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर सेक्टर-10 स्थित एक कंपनी में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वह कंपनी से लाखों रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक कनवर्टर व वाहनों को चोरी कर ले गए थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में थाना फेस वन में चोरी का मुकदमा पंजीकृत है। बरामद इलेक्ट्रिक कनवर्टर की कीमत करीब 10 लाख रूपये है।

फिट दिखने का एक बेहतर विकल्प
ग्रीन टी, दालचीनी, तुलसी, विलायती इमली, पाईन एप्पल, कोकम, सोंठ आदि
जैसे 15 आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों के एक्सट्रेक्ट से बना है जौली फैट गो कैप्सूल
इम्युनिटी बढ़ाएं, और मैटाबॉलिज़्म को तेज करें
जिससे आपके शरीर में फालतू वसा जमा नहीं होती और जमी हुई वसा ऊर्जा में बदलती है। भूख की तीव इच्छा भी नियंत्रित रहती है।
बढ़े हुए मैटाबॉलिज़्म से और बढ़ी हुई इम्युनिटी से आप रहें
स्वस्थ भी, स्मार्ट भी
2 पैक जौली फैट- गो कैप्सूल के साथ 1 पैक जौली तुलसी 51 ग्रीन टी
FREE
JOLLY
FAT-GO
कैप्सूल और ऑयल
हर मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध है
Helpline» 0161-520-1551
JOLLY TULSI 51 GREEN TEA
JOLLY FAT-GO CAPSULES
NEW ADVANCED FORMULA

24x7 Helpline: 0171-3055288
दाद, खाज, खुजली
का आयुर्वेदिक मलहम
इचकू®
आयुर्वेदिक मलहम
● असर पहले दिन से
● न चिपचिप, न दाग धब्बे
डा. जुनेजा का
इचकू®
आयुर्वेदिक मलहम
Net Wt. 12g (0.42 oz)
दाद, खाज, खुजली

2023 में कार की चोरी की घटना में वृद्धि दर्ज

-बाइक लूट की घटनाएं नौ गुना से भी ज्यादा

नई दिल्ली ।

साल 2023 में भारत में कार की चोरी की संख्या में दोगुनी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी तरह बाइक लूट की घटनाएं कारों की तुलना में नौ गुना से भी ज्यादा हुई। दिल्ली मोस्ट स्टोलन व्हीकल्स की लिस्ट में सबसे ऊपर है। 2023 में दिल्ली में मोस्ट रिकॉर्डेड व्हीकल रॉबरीज की लिस्ट में सबसे टॉप में है। 2023 में चोरी हुए वाहनों की कुल संख्या में 37 प्रतिशत हिस्सेदारी दिल्ली की है। यहां हर 12 मिनट में एक व्हीकल चोरी हो जाती है। सबसे ज्यादा डकैती वाले इलाकों में उत्तम नगर, भजनपुरा, शाहदरा, बदरपुर और पटपड़गंज के नाम शामिल हैं। 2023 व्हीकल थेफ्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि मारुति सुजुकी की वैगनआर भारत में सबसे अधिक चोरी होने वाली कार है, जिसने मारुति सुजुकी की ही स्विफ्ट और डिजायर को भी पीछे छोड़ दिया है। इसके बाद हयूदै की ग्रांड आई10, सेंट्रो, क्रेटा और होंडा सिटी के नाम शामिल हैं। होंडा स्पलेंडर को 2023 की सबसे अधिक चोरी की गई बाइक के रूप में दर्ज किया गया। इसके बाद होंडा एक्टिवा , टीवीएस अपाचे और रॉयल इनफिल्ड क्लासिक 350 के नाम हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम पुलिस विभाग ने कहा कि 'हाई रीसेल वैल्यू और स्पेयर पार्ट्स की ज्यादा डिमांड के कारण चोरी की गई 10 बाइक में से छह हीरो सीडी डीलक्स , हीरो एचएफ डीलक्स, हीरो स्पेलेंडर और हीरो स्पेलेंडर प्लस हैं।' रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि सफेद रंग की कारें सबसे ज्यादा चोरी की गईं और इस लिस्ट में बेंगलुरु का स्थान 9 प्रतिशत है। इसके बाद 5प्रतिशत के साथ चेन्नई और उसके बाद हैदराबाद, मुंबई और कोलकाता जैसे अन्य शहर हैं। भारत में डकैती की दर में काफी वृद्धि हो रही है और बाइक चोरी कार डकैती की तुलना में नौ गुना अधिक आम हो गई है।

इंडिया ब्लॉक के नेता बोले, सत्ता में आए तो हटा देंगे ईवीएम

- अलायंस में शामिल पार्टियों के नेताओं ने ईवीएम से वोटिंग प्रक्रिया का विरोध किया

मुंबई । महाराष्ट्र के मुंबई में कांग्रेस की मेगा रैली में इंडिया ब्लॉक के नेताओं के टारगेट पर ईवीएम रही। रैली से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि आने वाले दिनों में विपक्ष के चुनाव प्रचार में ईवीएम ही टारगेट पर रहेगी। अलायंस में शामिल पार्टियों के नेताओं ने ईवीएम से वोटिंग प्रक्रिया का विरोध किया और ऐलान किया है कि अगर हम सत्ता में आए तो ईवीएम से वोटिंग कभी नहीं होने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर मुंबई के ऐतिहासिक शिवाजी पार्क मैदान में इंडिया ब्लॉक के दिग्गज नेताओं को जमावड़ा लगा। यहां नेताओं ने वोटिंग के लिए ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ आवाज उठाई। सभी नेताओं ने ईवीएम वोटिंग के खिलाफ बात की और कहा कि जब इंडिया ब्लॉक सत्ता में आएगा तो ईवीएम को वोटिंग प्रक्रिया से हटा देंगे और ईसीआई को स्वतंत्रता देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिना ईवीएम के नरेंद्र मोदी चुनाव नहीं जीत सकते हैं। हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि हमें ईवीएम दिखाएं और हमारे विशेषज्ञों को मशीन दिखाएं। उन्होंने हमें दिखाने से इनकार कर दिया। हमने मशीन और उससे निकलने वाले कागज के बारे में पूछा, लेकिन उन्होंने उन कागजों को गिनने से इनकार कर दिया। राजा की आत्मा ईवीएम में है। नरेंद्र मोदी का काम है- आपका ध्यान हटाओ। पिछले 40 वर्षों की तुलना में आज सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। पूरी व्यवस्था नियंत्रण में है। जब पहली बार उनकी सरकार सत्ता में आई तो अरुण जेटली आए, मुझसे कहा कि भूमि अधिग्रहण के बारे में मत बोलो। मैंने पूछा कि मैं इसके बारे में क्यों नहीं बोलूंगा? उन्होंने कहा कि अगर मैं बोलूंगा तो हम आप पर केस डाल देंगे। ईडी मेरे पास आई और उन्होंने मुझसे 50 घंटे तक पूछताछ की।

मुलायम सिंह के करीबी पूर्व सांसद देवेंद्र यादव भाजपा में शामिल

नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कभी पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह के करीबी रहे पूर्व सांसद देवेंद्र यादव ने सपा को बाय बाय कहकर भाजपा से हाथ मिला लिया है।

यादव ने लखनऊ के बीजेपी दफ्तर में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।इससे पहले समाजवादी पार्टी ने बीजेपी के परंपरागत वोट माने जाने वाले शाक्य समाज से अपना प्रत्याशी उतार कर उन्हें झटका दिया था। इसके बाद भाजपा ने समाजवादी पार्टी के परंपरागत माने जाने वाला यादव वोट बैंक में सेंध लगाते हुए यादव समाज के प्रभावशाली नेता देवेंद्र यादव को पार्टी में शामिल कर एटा की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कासगंज के अलीपुर बरवारा के रहने वाले देवेंद्र सिंह यादव ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत गांव में प्रधान के चुनाव से की थी।

उसके बाद देवेंद्र सिंह यादव तीन बार सोरो से ब्लॉक प्रमुख रहे। 1979 में कांग्रेस से पहली बार देवेंद्र सिंह यादव विधानसभा पहुंचे और उसके बाद 1984 में समाजवादी पार्टी से देवेंद्र सिंह यादव विधायक बने।

उसके बाद देवेंद्र सिंह यादव समाजवादी पार्टी से 1999 में पहली बार सांसद बने और फिर 2004 में दूसरी बार समाजवादी पार्टी से ही देवेंद्र सिंह यादव लोकसभा पहुंचे। 2009 में कल्याण सिंह के सामने देवेंद्र सिंह यादव लोकसभा का चुनाव हार गए और उसके बाद 2014 और 2019 में कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह ने देवेंद्र सिंह यादव को लोकसभा चुनाव में मात दी थी।

लड्डू मार होली में हादसा-

22 लोग घायल,एसएसपी ने किया घटना से इंकार

मथुरा।

मथुरा के बरसाना में लड्डू मार होली के दौरान राधा रानी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इस बीच राधा रानी मंदिर में सीढ़ी की रेलिंग टूटने से 20 से अधिक लोग घायल हो गए। खुद मंदिर के पुजारी ने मीडिया को इस बात की जानकारी दी है। बरसाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ मनोज वशिष्ठ ने कहा कि घटना के बाद 22 लोगों को केंद्र में लाया गया था और उनमें से अधिकांश को फैक्चर हुआ है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया गया। बाद में भीड़ को नियंत्रित किया गया जिससे भक्तों को दर्शन करने में सुविधा हुई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में उत्सव के तहत बांटे जा रहे लड्डुओं को पाने की कोशिश कर रहे थे, तभी यह घटना घटी। कई सारे लोग दीवार कूदकर लड्डू लेने की कोशिश कर रहे थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। घटना रविवार शाम की है जब श्रद्धालु कई घंटों से मंदिर के दरवाजे खुलने का इंतजार कर रहे थे। मंदिर के पुजारी के अनुसार, मंदिर में होली से पहले उत्सव का आयोजन किया गया था और जिस वक्त रेलिंग गिरी तो बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में आए थे। वहीं दूसरी तरफ इस तरह की घटनाओं से जिले के एसएसपी शैलेश कुमार पांडे साफ इनकार करते हैं। उनका कहना है कि बरसाना में लड्डू मार होली का जश्न चल रहा है।

पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे हैं और जश्न मना रहे हैं। भगदड़ की अफवाह फैलाई जा रही है। भीड़ ज़रूर बहुत है लेकिन सुरक्षा के इंतज़ाम पर्याप्त हैं। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

हैदराबाद में चड्डी गैंग ने स्कूल से चुराए 7.85 लाख

हैदराबाद ।

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में चंड्डी गैंग ने एक स्कूल में घुसकर 7 लाख 85 हजार रुपए चुरा लिए हैं। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। यह घटना शनिवार रात के समय हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में 2 चोर स्कूल परिसर के अंदर घूम-घूमकर चोरी करते हुए नजर आ रहे हैं। चोरों ने शरीर में सिर्फ अंडर वियर पहन रखी है। पहचान छुपाने के लिए दोनों ही चोरों ने चेहरे को नकाब से ढक रखा है। फुटेज में यह भी दिखाया गया है कि एक चोर छुपते-छुपाते हुए सीढ़ियों से ऊपर की तरफ जा रहा है। इस तरह की चोरी पहले भी देशभर के अलग-अलग इलाकों में सामने आती रही है। करीब एक साल पहले बिहार की राजधानी पटना में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था जिसमें चड्डी-बनियान गैंग ने इलेक्ट्रॉनिक दुकान को निशाना बनाया था। चोरों ने दुकान में घुसकर काउंटर से 2 लाख रुपए की चोरी की थी। इससे पहले मुंबई और भोपाल में भी चड्डी-बनियान गिरोह का आतंक सामने आ चुका है। मुंबई पुलिस ने ऐसे 3 चोरों को पकड़ा था जो बंद घरों में चड्डी बनियान पहनकर चोरी किया करते थे।

त्रिपुरा में वाम मोर्चा और कांग्रेस ने मिलाया हाथ

अगरतला ।

लोकसभा चुनाव को लेकर देश के तमाम राजनैतिक दल अपनी अपनी संभावनाएं तलाश रहे हैं इसी संभावना के तहत मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा ने रविवार को त्रिपुरा पूर्व लोकसभा सीट (एसटी) के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा की और त्रिपुरा पश्चिम सीट पर कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया। सीपीआई-एम की राज्य समिति और वाम मोर्चा की अलग-अलग बैठकों के बाद, वाम मोर्चा के संयोजक नारायण कर ने कहा कि पूर्व सीपीआई-एम विधायक राजेंद्र रियांग त्रिपुरा पूर्व लोकसभा सीट के लिए वाम दल के उम्मीदवार होंगे, जो आदिवासियों के लिए आरक्षित है। उन्होंने कहा कि माकपा की पश्चिम जिला समिति के सचिव पूर्व विधायक रतन दास को रामनगर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा जाएगा, जहां 19 अप्रैल को उपचुनाव होना है। भाजपा विधायक सुरजीत दत्ता के 28 दिसंबर को निधन हो जाने के कारण यह विधानसभा सीट खाली हो गई थी। वामपंथी नेता ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वाम मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में भाजपा को हराने के लिए गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर चुनावी लड़ाई लड़ने का फैसला किया है।

लालू की बेटी रो हिणी लड़ सकती हैं चुनाव

पटना ।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू यादव अपनी एक और बेटी रोहिणी आचार्य को भी इस लोकसभा चुनाव के जरिए राजनीति में प्रवेश करवा सकते हैं। इस बात की पूरी संभावना जताई जा रही है कि सिंगापुर में रहने वाली लालू यादव की दूसरी बेटी रोहिणी आचार्य चुनाव लड़ सकती है। रोहिणी आचार्य ने पिछले साल अपने पिता को एक किडनी दान में दी थी जिसको लेकर उनकी खूब प्रशंसा हुई थी। अब ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द लालू अपनी बेटी रोहिणी को भी राजनीति में लॉन्च कर सकते हैं। रोहिणी से पहले लालू परिवार में उनकी पत्नी राबड़ी देवी मुख्यमंत्री रह चुकी हैं और उनके तीन बच्चे मीसा भारती, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव भी सक्रिय राजनीति में हैं। मीसा भारती इस वक्त राज्यसभा सांसद हैं, वहीं तेजस्वी यादव पूर्व उपमुख्यमंत्री और मौजूदा नेता प्रतिपक्ष तेज प्रताप यादव भी बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और विधायक हैं। लालू यादव ने भी 70 के दशक में इसी सीट से राजनीति की शुरुआत की थी। गौरतलब है लालू पहली बार छपरा (अब सारण) लोकसभा सीट से सिर्फ 29 साल की उम्र में 1977 में सांसद बने थे। इसके बाद 1989 और 2004 में भी उन्होंने सारण से ही चुनाव जीता था।

पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को झटका, कोर्ट ने सभी याचिकाएं रद्द कर कहा- आज ही करें सरेंडर

नई दिल्ली।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सभी याचिकाएं रद्द करते हुए जैन से कहा कि आप आज ही सरेंडर कर दें। सत्येंद्र जैन के अलावा मामले में सह आरोपी अंकुश जैन और वैभव जैन की भी जमानत याचिकाएं खारिज हो गई हैं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सत्येंद्र जैन को मई 2022 में ईडी ने गिरफ्तार किया था। बता दें कि साल 2018 में ईडी ने इस मामले में सत्येंद्र जैन से पूछताछ की थी। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने 22 मई 2022 में उनकी गिरफ्तारी का विरोध भी किया था। इसके बाद 26 मई, 2023 को सत्येंद्र जैन को खराब स्वास्थ्य के आधार पर जमानत मिल गई थी। तबसे वह इलाज करा रहे हैं। आप नेता के खिलाफ सीबीआई ने 2017 में प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत एफआईआर फाइल की थी। इस एफआईआर में सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया था। एफआईआर के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग चार कंपनियों के जरिये की गई जो सीधा सत्येंद्र जैन से जुड़ी हैं। कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर उन्हें करीब नौ महीने पहले अंतरिम जमानत दी थी। हालांकि कोर्ट ने उन पर इस मामले से जुड़े गवाहों, शिकायतकर्ताओं आदि पर प्रभाव का इस्तेमाल करने, उनसे और मीडिया से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क करने, राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने जैसी कई तरह की पाबंदियां भी लगाई थीं। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई 2023 को सत्येंद्र जैन को इलाज के लिए अंतरिम जमानत पर छह हफ्ते के लिए न्यायिक हिरासत से छोड़ा था। समय-समय पर बढ़ते हुए अब इस अवधि को नौ महीने से भी ज्यादा वक्त हो गया है।

मुजफ्फरनगर में तंबाकू देने से मना किया तो सिपाही ने टीचर को गोलियों से भूना

मुजफ्फरनगर ।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक सिपाही ने रविवार को एक टीचर टीचर को गोलियों से हत्या कर दी। सिपाही ने सरकारी कार्बाइन से टीचर को गोली मारी। घटना के वक्त सिपाही और टीचर एक ही वाहन में सवार थे। वे यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा की कॉपी लेकर वाराणसी से मुजफ्फरनगर आए थे। तभी वाहन में दोनों के बीच विवाद हो गया जिसके चलते सिपाही ने यह उसको गोलियों से भून दिया।

बताया जा रहा है कि हत्यारोपी सिपाही शराब के नशे में था और वह रात के समय टीचर से तंबाकू की मांग कर रहा था। तंबाकू ना देने पर आरोपी सिपाही ने इस घटना को अंजाम दे डाला। गोलियों की आवाज से मौके पर हड़कंप मच गया। दरअसल 14 मार्च को वाराणसी से एक टीम यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा की कॉपी लेकर अन्य जनपदों में स्थित कॉलेज में जमा करने के लिए निकली थी। जिसमें टीचर धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार व पुलिस टीम में उप निरीक्षक नागेंद्र चौहान मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के साथ 2 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जितेंद्र मौर्य व कृष्ण प्रताप शामिल थे।

यह टीम प्रयागराज, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद और बिजनौर में कॉपियां उतारकर रविवार की देर रात मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित एसडी इंटर कॉलेज पर पहुंची थी। कॉलेज के गेट बंद होने के चलते टीम रात के समय गाड़ी में ही आराम कर रही थी। इसी दौरान टीम में शामिल कॉन्स्टेबल चंद्रप्रकाश द्वारा टीचर धर्मेंद्र कुमार से तंबाकू की मांग की गई जिस पर तंबाकू ना देने के चलते शराब के नशे में चूर चंद्रप्रकाश ने अपनी कार्बाइन से टीचर धर्मेंद्र पर फायरिंग कर दी। जिसमें कई गोलियां लगने से टीचर धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल टीचर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान टीचर को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने जहां टीचर के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तो वहीं टीम में शामिल सभी लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

गुजरात से यूपी के लिए निकली ट्रेन राजस्थान में हुई बेपटरी

जयपुर।

गुजरात से उत्तर प्रदेश के लिए निकली साबरमती सुपरफास्ट ट्रेन राजस्थान में पटरी से उतर गई। गनीमत रही कि किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं आई। ये हादसा उस वक्त हुआ जब साबरमती (अहमदाबाद) से आगरा जा रही ट्रेन के चार डिब्बे अजमेर में पटरी से उतर गए। दुर्घटना में कुछ यात्रियों को घायल होने की जानकारी मिली है। देर रात हुए हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव का काम शुरू किया गया।साबरमती-आगरा कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12548) के चार डिब्बे रात करीब 1 बजे पटरी से उतर गए। बताया जा रहा है कि सुपरफास्ट ट्रेन एक मालगाड़ी से टकराने के बाद दुर्घटना का शिकार हुई।

उत्तर-पश्चिमी रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने कहा, साबरमती से आगरा जाते समय ट्रेन (12548) अजमेर में मादर में सिग्नल के पास पटरी से उतर गई। इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतरे हैं। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी की मौत नहीं हुई है। हालांकि, कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं और उनका उपचार कराया जा रहा है। हादसा अजमेर में मादर रेलवे स्टेशन के पास हुआ। जिस वक्त दुर्घटना हुई, ट्रेन में अधिकतर लोग सो रहे थे। हादसे के बाद वहां चीख पुकार मच गई। यात्रियों ने बताया कि तेज आवाज के साथ डिब्बे पटरी से उतर गए। देर रात दुर्घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव का काम शुरू किया गया। गनीमत है कि हादसे में किसी की जान जाने की सूचना नहीं है। कुछ यात्रियों को के मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अजमेर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त बोगियों को पटरी से हटाने का काम चल रहा है।

चुनावी बॉन्ड विवाद से मतदाता रहेंगे बेअसरः सर्वेक्षण

नई दिल्ली ।

चुनावी बॉन्ड पर हाल में उठे विवाद का मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा और आगामी लोक सभा चुनाव के नतीजे भी इससे बेअसर रहेंगे। ये बातें एक सर्वेक्षण में सामने आई हैं। इस सर्वेक्षण में 10 मुख्य कार्याधिकारियों (सीईओ) से चुनावी बॉन्ड पर उठे विवाद पर उनकी राय पूछी गई। इन सीईओ ने कहा कि राजनीतिक दलों को चंदा देने वाली कंपनियों एवं लोगों के नामों के खुलासे से मतदाता प्रभावित नहीं होंगे और न ही इससे लोक सभा चुनाव के नतीजों पर ही कोई असर पड़ेगा। जब इन सीईओ से नरेंद्र मोदी सरकार के कामकाजी प्रदर्शन एवं विकास कार्यों पर उनकी राय पूछी गई तो उन्होंने 1 से 5 के पैमाने पर औसतन 4.1 रेटिंग दी। एक सीईओ ने मोदी सरकार को 3 रेटिंग दी जबकि दो ने मोदी सरकार के प्रदर्शन एवं विकास कार्यों को 5 में 5 रेटिंग दी। एक सीईओ ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले पांच साल चुनौतीपूर्ण रहे हैं। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले सीईओ में 30 प्रतिशत ने कहा कि कंपनियों से एवं निजी स्तर पर चंदा लेने से बचने के लिए चुनाव खर्च के लिए सरकारी स्तर पर ही प्रावधान किया जाना चाहिए। मगर इतने ही सीईओ इस तर्क से सहमत नहीं हुए। 40 प्रतिशत ने चुनाव पर होने वाले खर्च के लिए सरकारी स्तर पर प्रावधान किए जाने के बारे में कुछ नहीं कहा। सर्वेक्षण में भाग लेने वाले आधे सीईओ ने कहा कि राजनीतिक चंदे के विषय पर उनके निदेशक मंडल (बोर्ड) में कोई स्वीकृत नीति नहीं है। 40 प्रतिशत का कहना था कि उनके बोर्ड में राजनीतिक चंदे पर मंजूरी ली जाती है। उपभोक्ता उत्पाद (कंज्यूमर प्रोडक्ट्स) बनाने वाली एक कंपनी के सीईओ ने कहा कि चुनावी खर्च के लिए मिलने वाली रकम को लेकर थोड़ी और पारदर्शिता की जरूरत है। हमें इस मामले में पश्चिमी देशों से सबक लेना चाहिए।

आईपीएल 2024

मेरे कंधों पर रोहित का हाथ : पांडया

नई दिल्ली। आईपीएल को शुरू होने में अब चंद दिन ही शेष हैं। ऐसे में प्रीमियर लीग में प्रतिभाग करने वाली टीमों और उनके खिलाड़ियों को लेकर खबरें चर्चा का केंद्र हैं। सबसे ज्यादा सुर्खियों में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित, जिन्हें मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाया गया है। लेकिन टीम में उनकी भूमिका पर नए कप्तान हार्दिक पांडया ने अपडेट दिया है।



रोहित के नेतृत्व में खेला

आईपीएल का आगाज 22 मार्च से हो रहा है। मुकाबले के पहले दिन चेन्नई में आरसीबी और सीएसके की टीमें आमने सामने होंगी। इस बीच 5 बार की आईपीएल चैंपियन टीम मुंबई इंडियंस की भी तैयारी जारी है। सभी खिलाड़ी अपनी अपनी प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस बार टीम की कमान हार्दिक पांड्या के हाथ में रहने वाली है। अब इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन से महज 4 दिन पहले हार्दिक पांड्या ने एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को लेकर बड़ा बयान दिया है। हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा को लेकर कहा है कि वह मेरी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस टीम ने जो कुछ भी हासिल किया है, वह रोहित के ही नेतृत्व में किया है। अब मुझे बस इसे आगे लेकर जाना है। हार्दिक ने उम्मीद जताई कि रोहित अपना हाथ मेरे कंधों पर रखेंगे। इतना ही नहीं, हार्दिक पंड्या ने आगे कहा कि रोहित शर्मा भारतीय टीम के कप्तान हैं, इससे मुझे मदद मिलती है। हार्दिक बोले कि पूरा करियर रोहित के नेतृत्व में खेला है।

शर्मा की कप्तानी में एमआई ने जीते पांच खिताब

साल 2013 में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के कप्तान बने थे। इस सीजन आधे मैच होने के बाद मुंबई इंडियंस की कमान रोहित को सौंपी गई थी। ये पहला साल था, जब एमआई ने पहला आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद से लेकर साल 2023 तक टीम ने 5 बार ट्रॉफी जीती। हर बार कप्तान रोहित शर्मा ही थे। आईपीएल में केवल दो ही कप्तान 5 बार आईपीएल का खिताब अपने नाम करने में कायमाब रहे हैं, उसमें रोहित और एमएस धोनी का नाम है। लेकिन इस बार आश्चर्यजनक रूप से रोहित शर्मा को हटाकर उनकी जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया गया है। रोहित शर्मा भारतीय टीम के कप्तान हैं, इससे मुझे मदद मिलती है। हार्दिक बोले कि पूरा करियर रोहित के नेतृत्व में खेला है और मुझे पता है, उनका हाथ हमेशा रहेगा। फिलहाल, देखना होगा कि इस बार पांड्या की कप्तानी में टीम कैसा प्रदर्शन करती है।

हार्दिक के हाथ एमआई की कमान

हार्दिक पांड्या का आईपीएल डेब्यू मुंबई इंडियंस से ही हुआ था। वहां अच्छा प्रदर्शन करने के बाद वे टीम इंडिया में भी शामिल किए गए और अच्छा प्रदर्शन भी किया। रोहित शर्मा की गैरहाजिरी में हार्दिक ने भारतीय टीम की कमान भी संभाली। आईपीएल 2022 से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को रिलीज कर दिया था। इसके बाद वे गुजरात टाइटंस में शामिल हो गए। लक कहें या फिर टीम का बेहतरीन प्रदर्शन, पहली ही बार अपनी कप्तानी में हार्दिक ने गुजरात को खिताब भी जिता दिया। साल 2022 का खिताब जीतने के बाद 2023 में टीम फिर से फाइनल तक पहुंची, हालांकि वहां एमएस धोनी की कप्तानी वाली सीएसके ने उन्हें हरा दिया। इस तरह से टीम दो बार लगातार ट्रॉफी नहीं जीत पाई। वहीं मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन पिछले कुछ साल में नीचे गया है। शायद यही सोचते हुए मुंबई ने अपने कप्तान में बदलाव किया है।

आरसीबी की जीत पर मंधाना को विराट बधाई

नई दिल्ली। आरसीबी ने पहली बार दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की इस जीत पर विराट कोहली ने स्मृति मंधाना को वीडियो कॉल पर बधाई दी। वहीं आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने खुलासा किया है कि विराट ने क्या कहा उन्होंने कुछ भी नहीं सुना, क्योंकि स्टेडियम में बहुत ज्यादा शोर था। महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में रविवार को आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 113 रन बनाकर सिमट गई थी। इसके जवाब में आरसीबी ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। एलिस पेरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी की तरफ से श्रेयंका पाटिल ने 4 विकेट लिए। आरसीबी की जीत के विराट कोहली ने अपने सोशल मीडिया पर बधाई संदेश लिखा। इतना ही नहीं वीडियो कॉल करके टीम को बधाई दी।

मैदान में शोर के चलते मैंने कुछ भी नहीं सुना

- हालांकि, मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्मृति मंधाना ने कहा कि उन्हें कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था। क्योंकि स्टेडियम में बहुत ज्यादा शोर था। इस वजह से कोहली ने क्या कहा उन्हें कुछ भी सुनाई नहीं दिया। मंधाना ने यह भी पुष्टि की, कि वो बेंगलुरु में संभवतः 19 मार्च को आरसीबी अनबॉक्स इवेंट में कोहली से मुलाकात करेंगी। मंधाना ने कहा, मैंने कुछ भी नहीं सुना जो वह कह रहे थे। शोर बहुत तेज था, वह बस थम्स अप जैसा था और मैंने सिर्फ थम्स अप किया, मैं उनसे मिलूंगी। वह खुश लग रहे थे। उनके चेहरे पर मुस्कान थी। मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और एक छोटी सी मुलाकात में मेरी और पूरी टीम की मदद की थी।

डब्लूपीएल में दो बार 4-विकेट लेने वाली इकलौती प्लेयर श्रेयांका

नई दिल्ली। बेंगलुरु ने डब्लूपीएल इतिहास में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार किसी मैच में हराया। इसके साथ ही रविवार को पहली बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग में अपना पहला टाइटल जीता। सीजन-2 के खिताबी मुकाबले में टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। वहीं, मैच में 4 विकेट लेने वाले श्रेयांका पाटिल डब्लूपीएल में 2 बार 4 विकेट हॉल लेने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। जबकि, आरसीबी की ही एलिस पेरी ने सबसे ज्यादा रन बनाए। फाइनल में आरसीबी के स्पिनर्स ने कुल 9 विकेट लिए। ये डब्लूपीएल के एक मैच में में किसी टीम के स्पिनरों द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं, इससे पहले यह रिकॉर्ड आरसीबी के खिलाफ ही बना था। पिछले सीजन मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स ने टीम के खिलाफ एक मैच में कुल आठ विकेट लिए थे। श्रेयांका पाटिल ने डब्लूपीएल में दो बार चार विकेट लिए हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद के कैंप से जुड़े हेड

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद में एक से बढ़कर एक विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने रविवार को 2024 सीजन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेनिंग कैंप में शामिल हो गए। फ्रेंचाइजी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर टीम में शामिल होने वाले 30 वर्षीय खिलाड़ी की एक छोटी क्लिप शेयर की। हेड की 7 साल बाद लीग में वापसी हुई है। हेड ने कहा कि वह आगामी आईपीएल 2024 सीजन का इंतजार कर रहे हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज को उम्मीद है कि वह आगामी सीजन में हैदराबाद की फ्रेंचाइजी के लिए रन बनाएंगे। उन्होंने कहा, "मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। अच्छे सीजन की उम्मीद है। टीम अच्छी दिख रही है। उम्मीद है कि मैं कुछ रनों का योगदान दे सकता हूं। मैंने ऑरेंज आर्मी के बारे में अद्भुत बातें सुनी हैं> खेलने के लिए उत्सुक हूं। हम जितना संभव हो उतने मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उम्मीद है कि हमारा सीजन सफल रहेगा।" लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के ओपनर ट्रेविस हेड को भारतीय फैंस नहीं भूल सकते।

ऑस्ट्रेलिया दौरे को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान

हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में मेजबान टीम से भिड़ेगा भारत

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 27 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की, जिसका पहला मैच 6 अप्रैल 2024 को पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में शुरू होगा। पांच मैचों के दौरे में भारतीय टीम का नेतृत्व शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे। जबकि टीम के उप कप्तान मिडफील्डर हार्दिक सिंह होंगे। टीम का यह टूर ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 की तैयारियों के लिहाज से काफी माना जा रहा है। क्योंकि ये टीम के लिए एक लिटमस टेस्ट भी है। टीम में पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय शामिल होंगे। विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा, सुमित, संजय, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, अमीर अली, मोहम्मद राहील मौसीन, जरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास।

पेरिस ओलंपिक से पहले बेहतर होना चाहती टीम

ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए अंतिम 16 सदस्यीय टीम के चयन से पहले खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अधिकतम मौका देने के लिए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने लगभग पूरे कोर ग्रुप के साथ जाने का विकल्प चुना है। फुल्टन ने कहा "यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण दौरा होगा।" हमें क्योंकि इससे न केवल यह पता चलेगा कि हम किस स्तर पर हैं बल्कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम किन क्षेत्रों में बेहतर होना चाहते हैं, इस लिहाज से यह खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमने लगभग पूरे कोर ग्रुप के साथ जाने का फैसला किया ताकि प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी पूरी क्षमता दिखाने का पर्याप्त अवसर मिले और विभिन्न संयोजनों का परीक्षण करने के लिए भी यह एक अच्छा दौरा है,"

भारतीय ओलंपिक संघ ने कुश्ती की तदर्ज समिति को किया भंग WFI ने जिम्मा संभाला

फि भारतीय ओलंपिक संघ यानी आईओए ने बड़ा फैसले लेते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ का दैनिक कार्य संभाल रही तदर्थ समिति को भंग कर दिया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने कुछ दिनों पहले खेल संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का हवाला देकर डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति को निलंबित किया था। जिसके बाद आईओए ने डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति का गठन किया था। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग यानी WW के निर्देश पर डब्ल्यूएफआई को इस खेल का पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिला है।

साथ ही आईओए ने ये भी कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन कर लिया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया।

बता दें कि, आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है। डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सारी सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा भी देंगे। अब पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।'' संजय सिंह के नेतृत्व में नवनिर्वाचित डब्ल्यूएफआई द्वारा कथित तौर पर अपने नियमों का उल्लंघन करने के बाद 23 दिसंबर को भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया था।

आईओए ने बड़ा फैसले लेते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ का दैनिक कार्य संभाल रही तदर्थ समिति को भंग कर दिया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने कुछ दिनों पहले खेल संहिता के नियमों का उल्लंघन करने का हवाला देकर डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति को निलंबित किया था।

तदर्थ समिति ने इस महीने की शुरुआत में अप्रैल में किर्गिस्तान में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीमों का चयन करने के लिए ट्रायल का आयोजन किया था। इस ट्रायल में विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने भी भाग लिया था। विनेश फोगाट ने 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक क्वालीफायर में जीत दर्ज करने में सफल रही लेकिन बजरंग को हार का सामना करना पड़ा था। ट्रायल के सफल समापन के बाद खेल की बागडोर डब्ल्यूएफआई को सौंप दी गई है। आईओए ने डब्ल्यूएफआई को यौन उत्पीड़न और नियमों के पालन जैसे अन्य मुद्दों की चिंताओं को दूर करने के लिए एक 'सुरक्षा समिति अधिकारी' नियुक्त करने का निर्देश दिया।

आईओए पत्र में कहा गया, '' यूडब्ल्यूडब्ल्यू के निर्देश के मुताबिक यह जरूरी है कि डब्ल्यूएफआई दुर्व्यवहार और उत्पीड़न की चिंताओं को दूर करने और नियमों और दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द सुरक्षा समिति / अधिकारी नियुक्त करे।'' इसके कहा गया, '' डब्ल्यूएफआई को स्थापित प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से एथलीट आयोग के चुनाव कराने का भी निर्देश दिया गया है। डब्ल्यूएफआई की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए यह कदम आवश्यक है।'' आदेश में डब्ल्यूएफआई को आईओए द्वारा कुश्ती मामलों के प्रबंधन के लिए तदर्थ पैनल को दिए गए 'ऋण को चुकाने' का भी निर्देश दिया गया है।

IOA के फैसले से खुश हैं संजय सिंह

संजय सिंह ने कहा, '' जिस दिन मैंने चुनाव जीता, आप जानते हैं कि वह मेरे लिए कांटों का ताज था। रुकावटों के बावजूद हमने हर चीज की कोशिश की जो कर सकते थे। चाहे वह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप (पुणे में) का आयोजन करना हो, या दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक तदर्थ समिति को अधिकारी और रेफरी प्रदान करना हो। मुझे यकीन है कि यह हमारे लिए संघर्ष का अंत है।''

इस घटनाक्रम से जुड़े एक करीबी सूत्र ने कहा कि वह तदर्थ पैनल को भंग करने के आईओए के कदम से 'आश्चर्यचकित' हैं। उन्होंने कहा, ''खेल मंत्रालय ने पिछले साल दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था और उसने अभी तक निलंबन रद्द करने के आदेश जारी नहीं किए हैं। इसके अलावा, मामला अदालत में है, इसलिए यह आश्चर्य की बात है कि आईओए ने तदर्थ पैनल को क्यों भंग कर दिया।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी

शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस,
सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962

रंगों से सराबोर होने मुंबई पहुंचे निक जोनस!

बॉलीवुड से हॉलीवुड का रुख कर चुकी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा इन दिनों भारत में हैं। जहां वे अपने दोस्तों और करीबियों के साथ भारतीय ब्यंजनों का लुत्फ उठा रही हैं तो वहीं उनके पीछे-पीछे निक जोनास भी भारत आ गए हैं। गौरतलब हो कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास एक दूसरे के बहुत करीब हैं और एक दूजे को बहुत प्यार करतें हैं। यही वजह है कि वे ज्यादा लंबे वक्त तक एक दूसरे से दूर नहीं रह सकते। प्रियंका के भारत आने के चंद दिनों बाद ही वे भी यहां आ गए हैं। खैर, मुंबई पहुंचने पर निक का जोरदार स्वागत हुआ है। सामने आए वीडियो में आप देख सकते है कि सफेद रंग के आउटफिट में दामादजी को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। जहां पैपराजी ने उनको अपने कैमरे में कैप्चर किया। इस दौरान पैप्स ने निक जोनस को 'जीजू' कहकर बुलाया जिसके बाद निक हल्की-सी मुस्कान देते हुए उन्हें हाथ हिलाते हुए अपनी कार में बैठ गए। इस दौरान निक सफेद रंग के आउटफिट में काफी डैशिंग दिख रहे थे। उनका ये लुक लोगों को काफी पसंद आया। बताया जा रहा है कि निक अपनी पत्नी और बेटी के मिलने के लिए आए हैं। कुछ समय पहले ही प्रियंका चोपड़ा, जो एक लग्जरी जूलरी ब्रांड का एक भारतीय चेहरा हैं, वह उसकी एक चेन लॉन्च करने के लिए भारत में आई थीं। वहीं इसके अलावा प्रियंका को ईशा अंबानी की पार्टी में भी देखा गया, जहां उन्होंने अपने लुक से लोगों का दिल जीत लिया। कुछ ही दिनों में होली है। ऐसे में देखना यह दिलचस्प होगा कि क्या प्रियंका और निक भारत में रंगोत्सव का लुत्फ उठाकर वापस लौटेंगे या बिना रंग खेले चले जाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले भी निक और प्रियंका मुंबई में होली पार्टी के लिए एक बार नजर आ चुके हैं। वहीं, साल 2023 में भी अंबानी सेंटर के लॉन्चिंग के दोनों मुंबई में साथ नजर आए थे, जहां बॉलीवुड के ढेरों सितारों ने शिरकत की थी।

शक्तिमान की भूमिका में रणवीर पर मुकेश ने तोड़ी चुप्पी

शक्तिमान की लोकप्रिय भूमिका निभाने वाले मुकेश खन्ना अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इस बार उन्होंने 90 के दशक के लोकप्रिय शो 'शक्तिमान' पर बनने वाली फिल्म की कास्टिंग पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, मुकेश खन्ना ने अपने पॉपुलर शो 'शक्तिमान' पर बनने वाली फिल्म के कास्टिंग की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कास्टिंग अटकलों पर विरोध जताते हुए रणवीर सिंह के एक कंट्रोवर्शियल न्यूड फोटोशूट के बारे में भी चर्चा की है। मुकेश खन्ना ने रणवीर सिंह की इमेज का मुद्दा उठाते हुए उनके 'शक्तिमान' बनने पर तंज कसा है। सोशल मीडिया पर शक्तिमान मुकेश खन्ना का पोस्ट और वीडियो वायरल हो रहा है। पूरा सोशल मीडिया महीने भर से इस अफवाह से भरा हुआ था कि रणवीर सिंह शक्तिमान का रोल करने वाले हैं और हर कोई इस बात को लेकर नाराज था। मैं चुप रहा... लेकिन जब चैनलों ने भी एलान करना शुरू कर दिया कि रणवीर साइन हो गया है।

एक टांग पर खड़े होकर शिल्पा ने की कसरत

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपनी अदाओं और खूबसूरती से फैंस का दिल जीतती रही हैं। शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया फ्रीक हैं और वो अपनी लाइफ से जुड़ी पल-पल की अपडेट फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। शिल्पा शेट्टी अपने एक्टिंग करियर के साथ ही अपनी फिटनेस जर्नी पर भी बात करने में जरा भी नहीं हिचकिचाती हैं। वो अपने फिटनेस वीडियो भी इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं। ठीक ऐसा ही उन्होंने आज यानी सोमवार की सुबह भी किया। उनका ये वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया और लोग उनकी फिटनेस देख खूब तारीफें करने लगे हैं। हाल ही में फिल्म 'सुखी' में नजर आईं बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा फिटनेस मंत्र दे रही हैं। सोमवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर एक बेंच पर वन-लेग स्क्वाट करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया। वीडियो में शिल्पा को जिम वियर पहने और पूरी तरह से फोकस कर संतुलन बनाते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे कोई भी 'रैंप' दे दो, मैं इसे अपना बना लूंगी। सब बैलेंस का खेल है! स्टाइल में एक बेहतरीन लेग वर्कआउट।' शिल्पा ने आगे कहा, 'मुझे पूरी ड्रिल कर पाने के लिए कई प्रयास करने पड़े, लेकिन यह चुनौतीपूर्ण है। इसे आजमाएं और मुझे टैग करें। देखते हैं कितने लोग इसे पूरा कर पाते हैं।' इससे पहले एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट आउटफिट में धूम मचाई थी। उनका ग्रीन आउटफिट लोगों को काफी पसंद आया था। समंथा रुथ प्रभु ने भी उनके इस पोस्ट पर कमेंट कर तारीफ की थी। इस बीच, अगर उनके वर्क फ्रंट की बात करें, तो शिल्पा कन्नड़ फिल्म 'केडी - द डेविल' की तैयारी कर रही हैं, जिसमें संजय दत्त और जिशु सेनगुप्ता भी हैं। इससे पहले वो फिल्म 'सुखी' में जर आई थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खासा कमाल नहीं किया। फिल्म बुरी तरह से पिट गई थी।

सावरकर की भूमिका को रणदीप ने घटाया वजन

'सरबजीत' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय से इंडस्ट्री में धाक जमा चुके रणदीप इन दिनों अपनी डायरेक्शन डेब्यू फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें उन्होंने अभिनय के साथ-साथ डायरेक्शन भी किया है। फिल्म में वो स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज किया जा चुका है, जिसमें रणदीप हुड्डा को वीर सावरकर के किरदार में लोगों ने काफी पसंद किया था। उन्होंने इस रोल के लिए जितना ट्रांसफॉर्म किया है, वो फैंस को काफी इम्प्रेस कर रहा है। ट्रेलर में यह साफ दिख रहा है कि रणदीप ने इस किरदार को निभाया नहीं, बल्कि जिया है। एक-एक सीन में रणदीप वो सावरकर की झलक बखूबी दिखाते हैं। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही फैंस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच हाल ही में रणदीप हुड्डा ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका लुक लोगों को चौंका रहा है। सामने आई तस्वीर में आप रणदीप हुड्डा का ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं। किस तरह रणदीप हुड्डा ने वीर सावरकर के किरदार के लिए अपना वजन कम किया है। इस फोटो में रणदीप को पहचानना मुश्किल हो रहा है। हर कोई उनका ट्रांसफॉर्मेशन देख चौंक रहा है। अपनी इस तस्वीर को शेयर कर रणदीप हुड्डा ने कैप्शन में लिखा है, काला पानी।' रणदीप की यह तस्वीर बताती है कि काला पानी की सजा के दौरान सावरकर काफी पतले हो गये थे। ठीक उसी तरह से रणदीप ने भी खुद को ट्रांसफॉर्म किया है। फिलहाल रणदीप की ये तस्वीर इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। फैंस उनके इस डेडिकेशन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। जिसका किरदार फिल्म में रणदीप हुड्डा निबाते हुए नजर आएंगे।

'द यूपी फाइल्स' का प्रमोशन करने लखनऊ पहुंचे मनोज-मंजरी

- श्री ओस्टवाल फिल्म्स ने अपनी फिल्म 'द यूपी फाइल्स' का ट्रेलर रिलीज़ करने के लिए लखनऊ में एक इवेंट का आयोजन किया। इस इवेंट में दिनेश शर्मा, राज्य सभा के सदस्य, ख़ास ट्रेलर देखने आये। नीरज सहाय द्वारा निर्देशित और कुलदीप उमराव सिंह ओस्टवाल द्वारा निर्मित, 'द यूपी फाइल्स' एक सच्चाई से जुडी घटनाओं की फ़िल्म है। निर्माता उमराव सिंह ओस्टवाल ने इस अवसर पर कहा की, "फिल्म 'द यूपी फाइल्स' का निर्माण का सफर बहुत आनंददायक रहा है। हम कहानी और संवाद की शक्ति में विश्वास रखते हैं, और इस फिल्म के साथ, हम उन्हें एक ऐसे अनुभव के रूप में स्थापित करने का उद्देश्य रखते हैं जो हमारे दर्शकों के साथ गहरा संबंध बनाए रखता है। निर्देशक नीरज सहाय ने कहा, मैंने लखनऊ यूनिवर्सिटी में 80 के दशक में पढ़ाई की थी, और लोगों को कुछ दशक पहले की स्थिति याद होगी। अब मैं मुंबई में रहता हूँ और मुझे पता है कि लोग मेरे राज्य के बारे में क्या सोचते थे। और अब, हम एक उज्जवल यू पी देख रहे हैं। फिर मैंने अपने निर्माता उमराव सिंह के साथ इस विषय पर चर्चा की और बस फ़िल्म शुरू हो गई। "मनोज जोशी ने कहा, "मेरे करियर में पहली बार, मुझे लीड कैरेक्टर निभाने का मौका मिला और मैंने लेखक-निर्देशक के दृष्टिकोण के अनुसार अपनी तैयारी की। परिस्थिति के अनुसार, मेरा पात्र समान लग सकता है, क्योंकि पात्र एक सन्यासी के वस्त्र में है। सिनेमा अंततः समाज का परिचायक है, इसलिए लेखक को उस आदमी से प्रेरित होना ही है जिसने गुंडा राज को समाप्त किया, बुनियादी संरचना को बनाया, और राज्य को एक उद्यम प्रदेश बना दिया। मैंने लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, और अयोध्या में शूटिंग के दौरान इसे महसूस किया है।" फिल्म में मनोज जोशी, मंजरी फड़नीस, अवतार गिल, अली असगर, शाहबाज खान, मिलिंद गुणाजी, अमन वर्मा और अन्य कलाकार हैं।

बैड न्यूज़ का पहला लुक रिलीज

फिल्ममेकर करण जौहर ने होली से पहले उन्हें बड़ा सरप्राइज दिया है। निर्देशक ने विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क अभिनीत अपनी आगामी फिल्म बैड न्यूज़ की आधिकारिक घोषणा की। यह फिल्म इस जुलाई में सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग आउटफिट में तीनों की पहली लुक क्लिप साझा की। क्लिप के साथ, उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सबसे मनोरंजक हंगामा के लिए तैयार हो जाइए-एक अरब में एक बार की प्रफुल्लित करने वाली स्थिति इंतजार कर रही है...सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक कॉमेडी! बैड न्यूज़ सिनेमाघरों में 19 जुलाई 2024'

जैसे ही पहला लुक जारी किया गया, उत्साहित प्रशंसक टिप्पणी अनुभाग में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'वाह..इसके लिए बहुत उत्साहित हूं!!'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'वाह'। तीसरे यूजर ने लिखा, 'इंतजार नहीं कर सकता'। बैड न्यूज़ इस साल 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

बता दें, पिछले साल विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की क्रोएशिया से तस्वीरें वायरल हुई थीं। लोकेशन से दोनों अभिनेताओं की तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो गईं, प्रशंसक मदद नहीं कर सके लेकिन उनकी केमिस्ट्री की सराहना की और वे एक साथ कितने हॉट लग रहे थे।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, विक्की कौशल को आखिरी बार मेघना गुलज़ार द्वारा निर्देशित सैम बहादुर में देखा गया था। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के रूप में उनके चित्रण ने प्रशंसकों को प्रभावित किया। वह अगली बार लक्ष्मण उतेकर की चावा में दिखाई देंगे। अभिनेता पहली बार फिल्म में स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। इसके अलावा विक्की कौशल संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में आलिया भट्ट के साथ भी नजर आएंगे। राजी के बाद यह इस जोड़ी का दूसरा प्रोजेक्ट होगा।

तृप्ति डिमरी को आखिरी बार एनिमल में देखा गया था। एक्टर ने रणबीर कपूर की फिल्म में अपने किरदार जोया से सबका दिल जीत लिया। वह अगली बार भूल भुलैया 3 में दिखाई देंगी। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विद्या बालन और कार्तिक आर्यन भी होंगे। एमी विर्क को आखिरी बार पंजाबी फिल्म गड्डी जांदी ए छलांगां मारदी में देखा गया था। उनके पास अर्जेंटीना, डिला मेरेया और जुगनी 1907 सहित अन्य परियोजनाएं हैं।

दुपट्टा
Fair & Lovely
Fair & Lovely | ADVANCED MULTI VITAMIN™
FREE** 20% Extra
Fair & Lovely
ADVANCED MULTI VITAMIN
₹5/-
4.5g+0.9g

निखार को धूप से बचाना है
तो अब सिर्फ़ दुपट्टा नहीं, फ़ेयर एंड लवली.

चेहरे के निखार को सुरक्षित रखने के लिए लड़कियां अक्सर चेहरे को दुपट्टे से ढक लेती हैं. लेकिन ऐसे नुस्खे घर तक ही चलते हैं, बाहर नहीं. इसीलिए अब से घरेलू नुस्खे हटाओ और फ़ेयर एंड लवली अपनाओ. इसका एडवांस्ड मल्टीविटामिन फ़ॉर्मूला आपकी त्वचा की गहराई में जा कर दाग़-धब्बे मिटाए और आपको दे बेहतरीन निखार.

*रचनात्मक चित्रण.

सांसद ने किया कई गांवों में जनसंपर्क

नोएडा (चेतना मंच)। लोकसभा गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा भाजपा प्रत्याशी ने खुर्जा विधानसभा स्थित अरनिया ब्लॉक के विभिन्न गांव में चल रहे ''जन सम्पर्क'' के दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी वह कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया जिसमें रनियावली, नागल, मीरपुर, पहाड़पुर, पला, हिसौटी नगलिया उदयभान, घटाल, रुकनपुर, ऊंचा गांव एवं महमदपुर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान डा. महेश शर्मा ने कहा कि मोदी जी द्वारा 400 पार का जो नारा दिया गया है। मोदी को देश की जनता पर अटूट विश्वास है। मोदी को देश से जितना प्यार है, उतना ही प्यार देश की जनता का मोदी से है। पिछले चुनावी घोषणा पत्र में भारतीय जनता पार्टी ने जो भी कहा वह पूरे देश को करके दिखाया है। वह केवल कागज के पन्नों पर नहीं है। 60 साल की देश की उपलब्धि को एक तरफ और 10 साल की उपलब्धि को एक तरफरख करके देखें। मोदी ने 2047 में देश को पूर्ण विकसित का जो नारा दिया है उसके पीछे इस देश की जनता है जिसका सहयोग पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार को गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के कार्यों में भरपूर मिलता रहा है उसी तर्ज पर खुर्जा विधानसभा और गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र की अन्य विधानसभा में किए गए जन उपयोगी कार्य जो अब देख रहे हैं उनका जब पूर्ण रूप से परिणाम आएगा तो पूरे क्षेत्र में खुशहाली होगी।

कार्यक्रम के दौरान खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक विजेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य सतीश वाल्मीकि, सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख, सुभाष कर्मयोगी, भारत भूषण गौतम, वेद प्रकाश मालिक, अध्यक्ष अरनिया, पुष्पेंद्र राघव, नवीन प्रधान, विनीत मीरपुर, गिरिराज सिंह, राहुल हरवीर सिंह, सुनील शर्मा, जगदीश, मनोज शर्मा, मनपाल सिंह राघव, सुशील राघव, रविंद्र राघव, रमन राघव, देशराज सिंह, तेज बहादुर सिंह, प्रिंसिपल साहब, सुनील राघव, योगेंद्र सिंह, योगेश कुमार, हर्षवर्धन सिंह, भूरा प्रधान, चेतन प्रधान, रिंकू प्रधान, राजकुमार प्रधान, विकास शर्मा प्रधान समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सदाचार व सत्कर्म से अर्जित संपत्ति सुख शांति व समृद्धि लाती है : पवन नंदन

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय धरोहर के सौजन्य से नोएडा में सेक्टर-34 के कम्युनिटी सेंटर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य पवन नंदन महाराज ने आत्म कल्याण के लिए शास्त्रों में वर्णित तीन मार्गों का विस्तार से वर्णन किया। मनुष्य के जीवन में मंदिर के महत्व को बताते हुए कथाव्यास ने कहा कि मंदिर जाने वाले व्यक्ति का मन स्थिर रहता है। साधन और साध्य की पवित्रता को जरूरी मानते हुए आचार्य पवन नंदन महाराज ने कहा कि सदाचार और सत्कर्म से अर्जित सम्पति ही व्यक्ति के जीवन में सुख,शांति, समृद्धि और संतोष लाती है।

-: कथा व्यास :-
आचार्य श्री पवन नन्दन जी
17 से 2 24, सायं 4 से 7 बजे
सेक्टर-34, नोएडा

द्रोपदी की भक्ति और वात्सल्य की प्रतिमूर्ति बताते हुए कथाव्यास ने कहा कि द्रोपदी ने अश्वत्थामा का वध करने से रोका। वहीं कुंती को प्रभुप्रेम का अनुरागी मानते हुए उन्होंने कहा कि कुंती ने भगवान से दुख और कष्ट मांगे जिससे कि वो ईश्वर का सुमिरण करती रहे।

दूसरे दिन की कथा में वरिष्ठ भाजपा नेता नवाब सिंह नागर, भारतीय धरोहर के महामंत्री विजय शंकर तिवारी, प्रमोद शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, प्रवीण शर्मा, अजय पुंडीर, जगमोहन शर्मा, मनन शर्मा, किशोर सक्सेना, सुधीर कुमार गुप्ता, श्रीराम मंदिर निर्माण आंदोलन में कारसेवक सतीश तोमर,एस पी चमोली,मयंक शर्मा,भीम सेन राउत,धर्मपाल आदि मौजूद थे।

ब्राह्मणों के उत्थान को समर्पित है ब्राह्मण महासभा : पीतांबर शर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा दादरी स्थित डीसेंट पब्लिक इंटर कॉलेज दादरी में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उप्र के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आह्वान किया कि प्रेम व सद्भाव के साथ भाई-चारे के इस पर्व को मनाएं।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत कर उन्हें होली पर्व की बधाई दी। इस मौक पर उन्होंने कहा कि हम किसी जाति और धर्म के खिलाफ नहीं है औन न ही किसी राजनैतिक पार्टी के पक्ष व विपक्ष में हैं। महासभा केवल ब्राह्मणों के उत्थान के कार्य में लगी है साथ ही उन पर होने वाले अत्याचारों का भी पुरजोर विरोध करती है। इसके अलावा महासभा द्वारा ब्राह्मण समाज के लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया जा रहा है। इस मौके पर वित्तविहीन संस्था के पदाधिकारी यतेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, टीकाराम शर्मा आदि को आजीवन सदस्यता दिलाई गई।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेके गौड, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री देवेंद्र भारद्वाज, नरेश पाल कौशिक, महिला बैंक की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती दिग्विजय दीक्षित, परमानंद शर्मा, सुनील शर्मा, प्रदीप शर्मा पुरुषोत्तम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, डॉ सुभाष त्यागी, नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अशोक शर्मा, विनोद शर्मा, सरकारी अस्पताल के अधीक्षक संजीव सारस्वत, डॉक्टर बिंदु चतुर्वेदी, अध्यक्ष नितिन शर्मा, एसके शर्मा, श्रीराम शर्मा, नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, उमेश शर्मा, अनिल शर्मा, विजय शर्मा, रतन वीर शर्मा, रामकुमार शर्मा, राजू पंडित,केके शर्मा, गायत्री तिवारी, पूजा शर्मा, एडवोकेट निधि शर्मा आदि मौजूद थे।

जेवर एयरपोर्ट पर बनकर तैयार हुआ रनवे

एयरपोर्ट का 80 फीसदी काम पूरा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का 3900 मीटर लंबा रनवे का निर्माण पूरा हो गया है। ऐसे में अब ट्रायल की तैयारी शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक कभी भी हवाई जहाज को उतारा जा सकता है। उधर 1334 हेक्टेयर में विकसति हो रहे एयरपोर्ट के पहले चरण का कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। एयरपोर्ट पर दिसंबर-2024 तक फ्लाईट सेवा शुरू करने का लक्ष्य है।

JEWAR AIRPORT

अब एयरपोर्ट में रडार सिस्टम समेत अन्य तकनीकी उपकरण लगाए जा रहे हैं। पहले चरण के कुल बजट 10,056 करोड़ में से 7371.51 करोड़ रुपये अबतक खर्च हो चुके हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट अथारटी लिमिटेड (नियाल) के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि दो दिन पहले लखनऊ में नियाल की 19वीं बोर्ड बैठक हुई थी, जिसमें एयरपोर्ट की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई था। बैठक में बताया गया कि रनवे का काम पूरा हो गया है।

लाइट समेत उड़ानों से संबंधित उपकरण लगाने का काम शुरू हो गया है। टर्मिनल बिल्डिंग का ढांचा भी बन गया है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टावर का काम भी अंतिम चरण में है। फिनिशिंग का काम आखिरी दौर में है। टावर के लिए जरूरी मशीन, तकनीक और उपकरणों की खरीद कर ली गई है।

एटीसी टावर की ऊंचाई 30 मीटर है। एयरपोर्ट के प्रथम चरण को पूरा करने के लिए 10,056 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था, जिसमें से 7371 करोड़ रुपये अब तक खर्च किए जा चुके हैं। पहले चरण में एयरपोर्ट का निर्माण कार्य करीब 80 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। सीईओ ने बताया कि एयरपोर्ट सर्विलांस रडार (एआरएस) नार्थ और साउथ का काम अक्टूबर 2024 तक पूरा होगा। 29 सितंबर को उड़ान शुरू होना प्रस्तावित है। रडार सिस्टम की खरीद रूस से होनी है। डील पूरी हो चुकी है। जल्द रडार सिस्टम भारत आ जाएगा। चुनाव को देखते हुए यह कार्य अक्टूबर तक पूरा होगा, लेकिन बिना रडार के भी 50-60 उड़ान शुरू की जा सकती हैं।

जन्मदिन की बधाई

तुम जियो हजारों साल
साल के दिन हों पचास हजार

अनमोल चौहान (जन्मतिथि 19/3/2019) पुत्र श्री अनिल चौहान, निवासी-नगली नगला सेक्टर 134 नोएडा के जन्मदिन पर चेतना मंच परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

चेतना मंच परिवार

जाट समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर जीटा स्थित उत्सव ग्रैंड में जाट समाज ग्रेटर नोएडा द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समाज के अध्यक्ष आर.बी.सिंह ने सभी आगंतुकों का हार्दिक अभिनंदन किया एवं बताया कि इस बार होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बच्चू सिंह (ए.डी.एम) एवं अमित चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर द्वारा किया गया ।

समारोह में मुख्य आकर्षण रहे प्रसिद्ध लोक गायक नरदेव बेनीवाल ने होली के रसिया के माध्यम से समा बांधा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा भी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एच.पी.एस परिहार, शेर सिंह अत्री, राजीव चौधरी, उदयवीर सिंह, जगदीश पाल सिंह, वीरेंद्र पूनिया, जुगेंद्र तालान, कैप्टन लोकेंद्र सिंह, विनोद प्रधान एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

'मेडिकल साइंस ने प्रौद्योगिकी के सामने खड़ी की चुनौतियां'

नोएडा (चेतना मंच)। एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कोरपोरेट रिर्सोस सेंटर द्वारा छात्रों को इंटर्नशिप प्राप्त करने के लिए स्वंय के अंदर विकसित करने वाले कौशलों की जानकारी प्रदान करने के लिए ''एक्स कनेक्ट'' नामक इंर्टनशिप फेयर 2024 का आयोजन किया गया।

Prominent Recruiters
airtel
NOKIA
ENGINEERING
RPORATE RES
Prese

ओपन हेल्थ सिस्टम लैबोरेटरी के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एमिटी, उद्योगों को बड़ी संख्या में कुशल मानव संसाधन प्रदान कर रहा है। अन्य क्षेत्रों में कंप्यूटर विज्ञान के विभिन्न खंडो का उपयोग होता है किंतु मेडिकल के क्षेत्र में सभी खंडो का साझा उपयोग किया जाता है। आज भी मेडिकल सांइस ने प्रौद्योगिकी के सामने बहुत सारी चुनौतियां खड़ी कर रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आपको मेडिकल क्षेत्र में काम कर रहे लोगो के लिए तकनीकी को आसान बनाना होगा। इंटर्नशिप आपके व्यवसायिक जीवन का पहला कदम है इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

एरिक्सन के भारत व साउथ इस्ट एशिया के प्रतिभा अधिग्रहण के प्रमुख धीरज मोदी ने कहा कि हम जब भी कोई वस्तु ऑनलाइन खरीदते है तो उसकी प्रस्तुती से प्रभावित होकर उसके बारे में सारी जानकारी प्राप्त करने के बाद ही उसका आर्डर देते है इसलिए स्वंय को इंटर्नशिप में प्रस्तुत करने के लिए तैयार रखें।

न्यूबर्ग इंजीनियरिंग लिमिटेड के सीएचआरओ विनय कौशिक ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का मिशन बिना आप युवाओं के सहयोग के संभव नही है। उद्योग को समझने की आवश्यकता को जाने और जीवन में सफल होने के लिए इंटर्नशिप का अनावरण आवश्यक है।

कन्वेजीनियस के सीएचआरओ डा मुकुल चोपड़ा ने कहा कि आप अपने भविष्य के प्रति कितने उत्साही है और कितने चिंतित है यह आपकी इंटर्नशिप से पता चलता है। कई बार आप सुबह उत्साही होते है और शाम को चिंतित। इंटर्नशिप, कोरपोरेट विश्व का पहला कदम है जो आपको तभी अपनायेगा जब आप बेहतर परिणाम प्रस्तुत करेगें।

मॉरिस गैराज की टैलेंट मैनेजमेंट प्रमुख सुश्री शालिनी जौहरी, एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा एम के पांडेय ने भी छात्रों के साथ अपने विचार साझा किए।

GRV
BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!
Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com